


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 07, अंक 134 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025 | www.samaydarshan.in




## द्रौपदी मुर्मू ने देखी फिल्म तन्वी द ग्रेट, अनुपम खेर ने कहा हमारे लिये गर्व का पल



**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिये गर्व का पल है। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिंग श्राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। अनुपम खेर ने फिल्म तन्वी द ग्रेट का निर्देशन करने के अलावा इसमें अभिनय भी किया है।

## अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6639 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच यहां भगवती नगर स्थित यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री 275 वाहनों के बेड़े में यह जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया, '6639 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।'

## सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद किये



**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कई जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान के दौरान शुक्रवार को उग्रवादियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्वी जिले के मफौ डैम पुलिस थाने के अंतर्गत इथम गांव से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। बरामद किए गए सामान में एक 12-बोर एकल बैरल गन, दो राउंड .32 कैलिबर गोला-बारूद, दो हैंड ग्रेनेड, एक पिस्तौल के साथ मैगज़ीन, एक कारतूस, दो ट्यूब लॉन्चर, एक चार्जर के साथ वायरलेस सेट, और दो डिटोनेटर शामिल हैं। इंफल पश्चिम जिले के सेकमाई थाना क्षेत्र के महाराबी से एक प्रतिबंधित भूमिगत संगठन के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है।

## केरल में निपाह को रोकने के लिए कई रणनीतियां तैयार : राजन खोबरागड़े




**तिरुवनंतपुरम।** केरल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजन खोबरागड़े ने कहा कि निपाह के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने रोकथाम के लिए कई रणनीतियां तैयार की हैं और उन्हें लागू किया है। डॉ. खोबरागड़े ने कल यहां आयोजित 'निपाह और अन्य जूनोटिक स्पिलओवर - रोकथाम के लिए स्वास्थ्य रणनीतियों का एकीकरण' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

## नक्सलवाद से लोकतंत्र की ओर लौटता बस्तरः 24 घंटे में 45 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

# 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों का सामूहिक समर्पण



**सुकमा।** सुकमा जिले में 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन को किडनैप करने वाले नक्सली समेत 1.18 करोड़ रुपये के 23 नक्सलियों ने सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल है। इनमें से आठ नक्सली माओवादियों की सबसे खतरनाक पीएलजीए बटालियन नंबर.1 के सदस्य थे। नक्सली लोकेश उर्फ पोड़ियाम भीमा भी है जिसने साल 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था। वहीं इनमें तीन दंपती भी हैं जो हिंसा का रास्ता छोड़कर, मुख्य धारा में लौट आए हैं। ये सभी नक्सली अलग-अलग मुठभेड़ों में सैकड़ों जवानों की हत्या में शामिल थे। दरअसल, बस्तर में पहली बार एक साथ 1.18 करोड़ के इनामी नक्सलियों का सरेंडर हुआ है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक डीवीसीएम, छह पीपीसीएम, चार एसीएम और 12 पार्टी सदस्य हैं। 11 नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए इनाम घोषित है जबकि चार नक्सली 5-5 लाख, एक पर तीन लाख और सात नक्सली 1-1 लाख रुपए के इनामी हैं। आठ लाख का इनामी हार्डकोर नक्सली डीवीसीएम लोकेश उर्फ पोड़ियाम भीमा ने सरेंडर किया है। ये दक्षिण सब जोनल ब्यूरो टीम का कमांडर भी था। वह वर्ष 2012 में कलेक्टर के अपहरण समेत साल 2017 में बुर्कापाल और 2021 में टेकलगुड़ा मुठभेड़ में शामिल था। इन दोनों घटनाओं में 46 जवान शहीद हुए थे। इसने अलग-अलग घटनाओं में शामिल रहकर अन्य जवानों की भी हत्या की है। गौरतलब है कि पिछले 24 घंटों के भीतर प्रदेश में कुल 45 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ लोकतंत्र पर भरोसा दिखाया है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा - बंदूक की गोली नहीं, अब विकास की बोली गूंज रही है

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों में बदलाव की बयार बह रही है। बस्तर बदल रहा है, बंदूकें थम रही हैं और लोकतंत्र की लौ अब हर कोने में जल रही है। इसी परिवर्तनशील वातावरण में आज सुकमा जिले में 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन्हें मिलाकर पिछले 24 घंटों में कुल 45 नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास जताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभूतपूर्व घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि विश्वास की उस जीत का प्रतीक है, जो हमारी सरकार ने नियद नेल्ला नार जैसी जनउन्मुख योजनाओं के माध्यम से गाँव-गाँव तक पहुँचाया है। अब यहां बंदूक की गोली नहीं, विकास की बोली सुनाई दे रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले 15 महीनों में 1521 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की पहुंच और विश्वास निरंतर बढ़ा है।

यह सफलता राज्य सरकार की 'नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025' की सकारात्मकता को भी दर्शाती है।

## पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र; बोले- बिना पर्ची, बिना खर्ची हो रही भर्ती

**नई दिल्ली।** युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को अहम करने के लिए आज देशभर के 47 शहरों में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए 51 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्हें संबोधित भी किया।

देशभर के 47 शहरों में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को एक बड़ी सौगात देते हुए 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से नौकरी मिली है और वे आज राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्र है.. 'बिना पर्ची, बिना खर्ची'।



### राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ी पहचानः पीएम मोदी

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भले ही नियुक्ति पाने वाले युवाओं के विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है राष्ट्र सेवा। उन्होंने कहा कि आपके विभाग अलग हो सकते हैं, लेकिन आप सब एक ही शरीर के अंग हैं, और वह है- देश की सेवा। बता दें कि इस दौरान पीएम मोदी ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि रोजगार मेले के अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी अब सिफारिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर।

### देश की विकास रफ्तार तेज करेंगे ये युवा- पीएम मोदी

युवाओं के संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग विभागों में नियुक्त हो रहे ये युवा आने वाले समय में देश के विकास की रफ्तार को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ देश की रक्षा करेंगे, कुछ सबका साथ, सबका विकास के सच्चे सिपाही बनेंगे। कुछ वित्तीय समावेशन मिशन को मजबूत करेंगे, तो कुछ उद्योगों के विकास में योगदान देंगे।

### रोजगार मेले के आयोजन का लक्ष्य

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की तरफ से आयोजित रोजगार मेला एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य युवाओं को तेज और पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियों में नियुक्त करना है। इसके तहत अब तक लाखों युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में रोजगार मिल चुका है।

## इमारत गिरने से दो लोगों की मौत, आठ घायल



**नयी दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य घायल हो गये। उत्तर पूर्वी जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया की वेलकम थाने की पुलिस को एक चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दमकल कर्मी और अन्य एजेंसी के कर्मी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से आठ घायल लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात लोगों को जेपीसी अस्पताल में जबकि एक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में मारे गये लोगों की पहचान मतलूब (50) और उसकी पत्नी राबिया (46) के रूप में हुई है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक राहत बचाव अभियान जारी था। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही।

## जीवन में सफलता के लिए शिक्षा है मजबूत आधार : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित


**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सभी सम्मानित शिक्षकों, विद्यार्थियों और संस्थाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का मार्ग है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, और यही किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होती है।

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में



सफलता का मूल आधार शिक्षा ही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और बीते वर्षों में राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। जहां पहले प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, आज वहां 15 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। साथ ही, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान भी राज्य में कार्यरत हैं। गांव-गांव में स्कूल खोले गए हैं, और बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे समय में कई गांवों के बच्चों के लिए केवल एक स्कूल होता था। मुझे याद है कि मैंने पांचवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दूसरे गांव में दी थी, क्योंकि हमारे गांव में परीक्षा केंद्र नहीं था। आज छत्तीसगढ़ में छात्रों के लिए असीम अवसर मौजूद हैं और प्रत्येक बच्चे को इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में किए 7 एक्सपेरिमेंट



**नई दिल्ली।** मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जल्द ही धरती पर वापसी कर सकते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने उनके लौटने की जानकारी दी है। ISRO के अनुसार, शुभांशु 14 जुलाई को अंतरिक्ष से वापसी करेंगे और वो 15 जुलाई को पृथ्वी पर पहुंच जाएंगे। शुभांशु के साथ ISS में गए बाकी 3 अंतरिक्ष यात्री भी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस आएंगे।

### कैलिफोर्निया में होगी वापसी

ISRO ने सोशल मीडिया पर शुभांशु की वापसी की जानकारी देते हुए बताया कि, ISS से ड्रैगन स्पेस ाफ्ट की अनडॉकिंग के बाद सभी अंतरिक्ष यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया के पास मौजूद तट पर 15 जुलाई 2025 को दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) पहुंचेंगे।

## अहमदाबाद विमान हादसा : एएआईबी रिपोर्ट में कई अहम खुलासे, हादसे के वक्त विमान का लैंडिंग गियर लीवर था डाउन

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे के एक महीने बाद एअर इंडिया की ड्रीमलाइनर 787-8 फ्लाइट क्रैश के कारणों पर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में कई अहम खुलासे हुए हैं। सबसे बड़ा खुलासा विमान के थर्स्ट लीवर को लेकर हुआ है। रिपोर्ट में दिखाई गई तस्वीर में विमान के थ्रस्ट लीवर निष्क्रिय (पीछे की ओर) पाए गए। जबकि विमान के डाटा के मुताबिक टक्कर लगने तक दोनों थ्रस्ट लीवर आगे की ओर थे। मौके पर मिले थ्रस्ट लीवर की स्थिति और डाटा में थ्रस्ट लीवर की हालत अलग-अलग है। थ्रस्ट लीवर का काम विमान की गति को नियंत्रित करना और इंजन को ताकत देना है।

एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान में आग लगने से थ्रस्ट लीवर को काफी नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में दी गई तस्वीर में थ्रस्ट लीवर पीछे की ओर यानि निष्क्रिय पाए गए हैं। इसका मतलब है कि हादसे के वक्त इंजन की ताकत को कम किया गया।




### हादसे ठीक पहले एक इंजन चालू हो गया था

रिपोर्ट के मुताबिक, पायलटों ने इंजन को फिर से चालू करने का प्रयास किया। इंजन 1 ने तो फिर से चालू हो गया, लेकिन इंजन 2 फिर से चालू नहीं हो सका। जिसके बाद वह मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकरा गया। विमान केवल 32 सेकेंड के लिए हवा में रहा था। बता दें कि एअर इंडिया का अत्याधुनिक विमान- बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 बीते 12 जून को अहमदाबाद के मेघाणीनगर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड्स बाद क्रैश हो गया।

### क्या होता है लैंडिंग गियर लीवर?

किसी भी विमान में लैंडिंग गियर लीवर का डाउन पोजीशन में होना एक बहुत ही महत्वपूर्ण तकनीकी पहलू है, जो विमान के टेकआफ और लैंडिंग के दौरान अहम भूमिका निभाता है। लैंडिंग गियर विमान का वह महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जिसमें पहिए, स्ट्रट्स और अन्य सपोर्टिंग सिस्टम शामिल होते हैं। यह विमान के टेक-ऑफ, लैंडिंग और जमीन पर चलने (टैक्सीइंग) के दौरान सहारा देता है। लैंडिंग गियर को आमतौर पर नीचे या ऊपर किया जा सकता है।

## अब धमतरी की सोनम : प्रेमी के हाथों करवाई पति की हत्या

### अस्पताल की पर्ची से हुई पहचान

### आरोपी पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** इंदौर के बाद अब धमतरी की सोनम सामने आई है। इस सोनम ने अपने प्रेमी के हाथों अपने पति को मरवा दिया. लेकिन इस मोबाइल युग में डिजीटल फुटप्रिंट को मिल ही जाता है, लिहाजा पुलिस को पति को मरवाने वाली महिला और उसके प्रेमी को धरदबोचने में ज्यादा दिन नहीं लगे।

पुलिस के अनुसार, 30 जून को ग्राम मगेदा के जंगल में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाना माकड़ी में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। शव के पास से मिली अस्पताल पर्ची से मृतक की पहचान हुई। जांच में सामने आया कि मृतक धर्मवीर की पत्नी रवीना नागरची का विजय विदेश



मरकाम नाम के शख्स के साथ अवैध संबंध है। पुलिस ने इसके बाद मोबाइल टावर डेटा और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विजय विदेश मरकाम को कोण्डागांव बस स्टैंड से पकड़ा। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि 27 जून को विजय तमिलनाडु के धरमपुरी अस्पताल से धर्मवीर को इलाज के बहाने लेकर निकला था।

## संक्षिप्त समाचार

### एक शिक्षक ने दूसरे शिक्षक को जाति सूचक गाली गलौच करते सोशल मीडिया में शेयर किया



**बलराम यादव/ पाटन।** पाटन थाना के अंतर्गत एक शिक्षक की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार किया है। जिस पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक शिक्षक चेतन दास बंजारे ने पाटन थाना में लिखित में शिकायत किया है कि लेखराम वर्मा शिक्षक एल बी मिडिल स्कूल तेली गुंडरा में पदस्त है। वे आवेदक शिक्षक का चुपके से वीडियो बनाकर अपने स्टाफ के लोगो को भेज दिया। इसके साथ की जाति सूचक आपत्तिजनक शब्दों का भी प्रयोग किया था। जिससे आवेदक शिक्षक काफी परेशान था। उनके आवेदन पर पाटन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार भी कर लिया है।

**सतनामी समाज भी थाना पहुंचे-** पीड़ित शिक्षक को न्याय दिलाने के लिए सतनामी समाज के एक प्रतिनिधि मंडल भी पाटन थाना पहुंचे। थाना प्रभारी से मुलाकात किया। जिसके बाद कार्रवाई तेज की गई।

### उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर 13 कृषि केन्द्रों को नोटिस जारी कर 03 केन्द्रों के उर्वरक विक्रय पर लगा प्रतिबंध



**मुंगेली( समय दर्शन )** कृषि विभाग रायपुर के संचालक के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा खाद-बीज की निर्बाध रूप से आपूर्ति हेतु जिले के विभिन्न कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक एम.आर.तिग्गा ने बताया कि प्राप्त निर्देश के परिपालन में निरीक्षण में जायसवाल कृषि केन्द्र एवं ट्रेडर्स औराबांधा, अमन कृषि केन्द्र लछनपुर, नारायण ट्रेडर्स सारधा, राठौर कृषि केन्द्र सारधा, हरिओम कृषि केन्द्र हरदी, जानकी खाद भंडार झोंका, साहू कृषि केन्द्र भटगॉव, बालाजी ट्रेडर्स रीवापार, मॉ शैलपुत्री कृषि केन्द्र कोदवाबानी, सोनकर कृषि केन्द्र ठकुरीकापा, वैभव कृषि केन्द्र भटगॉव, हेमंत कृषि केन्द्र भटगॉव और साहू कृषि केन्द्र लौदा को उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 केन्द्रों के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया। जिला निरीक्षक मनहरण कुर्रे ने बताया कि 07 उर्वरक का नमूना लिया गया और निर्धारित मूल्य एवं पॉस मशीन से ही उर्वरक का विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही केन्द्रों में मूल्य सूची, स्टॉक की जानकारी प्रदर्शित करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की सहायक संचालक श्रीमती ललिता मरावी, निरीक्षक राजेश साहू, योगेश दुबे और उमेश दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 15 से 18 जुलाई तक

**मुंगेली( समय दर्शन )** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं के प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की सत्र 2025- 26 के लिए काउंसलिंग 15 जुलाई से 18 जुलाई तक की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग महेंद्र खांडेकर ने बताया कि एस .टी. एवं पी.वी.टी.जी. बालकों के प्रवेश के लिए काउंसलिंग 15 जुलाई, एस.टी. एवं पी.वी.टी.जी. बालिकाओं के लिए काउंसलिंग 16 जुलाई को संपन्न होगी। इसी प्रकार अनुसूचित जाति बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश हेतु काउंसलिंग 17 जुलाई को तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक बालक -बालिकाओं के प्रवेश हेतु काउंसलिंग 18 जुलाई को संपन्न होगी। काउंसलिंग प्रक्रिया गुढ़ियारी रायपुर स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक संपन्न की जाएगी। काउंसलिंग में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा आठवी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो तथा काउंसलिंग प्रपत्र जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में रिक्त सीट के आधार पर संस्था आबंटित किया जावेगा।

# अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

### बागबाहरा में दो अवैध प्लाटिंग की जा रही थी

**महासमुन्द(समय दर्शन)।** महासमुंद जिले में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए जिला प्रशासन द्वारा आज दो स्थलों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश साहू के मार्गदर्शन में नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई बागबाहरा के लालपुर क्षेत्र में सोनदादर मार्ग के समीप एवं वार्ड क्रमांक 09, पिथौरा रोड के पास स्थित अवैध प्लाटिंग पर की गई। दोनों ही स्थानों पर बिना अनुमति के भूमि का अवैध रूप से विभाजन कर प्लाटिंग की जा रही थी, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार नितिन ठाकुर, राजस्व निरीक्षक बेहरा, पटवारी रूपेश सिन्हा, उप अभियंता शशि प्रताप सिंह तथा नगर पालिका के राजस्व अमले की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं कार्रवाई की गई।

प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की जमीन की खरीद-फरोख्त से पूर्व संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति एवं वैध दस्तावेजों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी जटिलता से बचा जा सके।

## पशु क्रूरता कर परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, 08 नग गौवंश एवं छोटा हाथी वाहन किया गया जप्त

### अवैध रूप से पशु परिवहन करने वालों पर भखारा पुलिस की सख्त कार्यवाही

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** संक्षिप्त विवरण:-थाना भखारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग एक छोटे हाथी (इंट्रा वी50) वाहन में अवैध रूप से गौवंश का परिवहन कर रहे हैं।

सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी भखारा के नेतृत्व में टीम द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहाँ वाहन क्रमांक सी जी-04 क्यू बी-0446 में कुल 08 नग गौवंश- जिनमें 06 गाय, 01 छोटा बछड़ा एवं 01 बड़ा बछड़ा थे - को बिना चारा-पानी के, क्रूरता पूर्वक भूखे-प्यासे हालत में ठूंस-ठूंसकर परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

**मौके पर वाहन चालक एवं साथियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम-:** आरोपियों का नाम*ऋषि कुमार मारकण्डेय पिता नरेन्द्र मारकण्डेय उम्र 20 वर्ष, यश कुमार जोशी पिता सुन्दरलाल जोशी उम्र 19 वर्ष,अमन कुमार जोशी पिता गणित राम जोशी उम्र 21 वर्ष,





सभी निवासी ग्राम थुहा, थाना कुरूद, जिला धमतरी (छत्तीसगढ़) बताए। वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस पर मौके पर ही वाहन ढ्ढह्वञ्जक्र ड्ड50 (सी जी04 क्यू बी-0446) तथा 08 नग गौवंश को गवाहों के समक्ष विधिवत रूप से जप्त किया गया। जप्त किए गए सभी पशुओं का पशु चिकित्सक अधिकारी भखारा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराकर गौशाला सिलीडीह में सुरक्षित रखा गया है।आरोपियों का यह कृत्य छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 04, 06, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(घ) के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर थाना भखारा में अपराध क्रमांक 76/25 पंजीबद्ध किया गया।

**गिरफ्तारी एवं न्यायिक प्रक्रिया:** आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 11.07.2025 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा सउनि.नीरज दुबे,प्रआर. सीताराम नारंग,त्रिलोकी बघेल, आर.दुष्यंत सिन्हा,संजय ओगरे, हेमराज नेताम का विशेष योगदान रहा।धमतरी पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं भी पशुओं के साथ क्रूरता,अवैध परिवहन या तस्करी की जानकारी हो, तो तत्काल निकटतम पुलिस थाना या टोल फ्री नंबर 112 पर सूचित करें। पशु कल्याण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आप सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## शिवोम् फुटबॉल प्रीमियर लीग में विजेताओं ने दिखाया शानदार खेल कौशल

**पाटन ( समय दर्शन )।** शिवोम् विद्यापीठ सांकरा में 12 जुलाई को आयोजित शिवोम् फुटबॉल प्रीमियर लीग (स्न्नक्क) का ग्रैंड फिनाले अत्यंत उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। जिसमें अभिभावकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं खेलप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व और खेल कौशल का विकास करना रहा, जिसे बच्चों ने मैदान पर बखूबी प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राइमरी बॉयज़, मिडिल बॉयज़, मिडिल गर्ल्स और सीनियर गर्ल्स वर्गों में सांकरा की टीमों ने जीत का परचम लहराया, जबकि सीनियर बॉयज़ वर्ग में रायपुरा की टीम ने दमदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। सभी विजयी टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और सामूहिक प्रयास का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।





समापन समारोह में शिवोम् विद्यापीठ के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री अशरफ अली सर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह मंच छात्रों को बड़े स्तर पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

विद्यालय की प्राचार्या श्री जया बंदेलू ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और ऐसे आयोजनों से उनमें आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों की खेल भावना और समर्पण ने इस आयोजन को अत्यंत स्मरणीय बना दिया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर सांसद रूपकुमारी चौधरी को सौंपा ज्ञापन



**बसना ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा आज महासमुंद लोकसभा के लोकप्रिय सांसद महोदया श्रीमति रूपकुमारी चौधरी जी को 10 सूत्रीय माँगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायीत्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन में मुख्य माँग संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27त्न वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण, मानवता आधारित अनुकंपा नियुक्ति, छुट्टी और मातृत्व सुविधाएं, स्थानांतरण नीति, और आकस्मिक दुर्घटना राहत जैसी प्रमुख बिंदु। सांसद महोदया के द्वारा सभी मांगो को जायज बताते हुए उनके द्वारा कहा गया कि उक्त विषय पर अनुमोदन पत्र माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को प्रेषित किया जायेगा ।

संघ ने मांग की कि स्वास्थ्य विभाग की नीतियों में समानता और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो तथा अन्य योजनाओं की तरह एनएचएम कर्मियों को भी उनका हक मिले। संघ के अनुसार, इन माँगों के पूरा होने से राज्य के 16 हजार से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा उक्त में संघ की तरफ से डॉ अरुणा अग्रवाल जिला संरक्षक एन. एच. एम महासमुंद,मनीष भारद्वाज एन.एच.एम ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, घनश्याम पटेल,दूधेश्वर पटेल एन.एच.एम ब्लॉक अध्यक्ष बसना लोकेश प्रधान, हिरेंद्र कुमार कर प्रदेश उपाध्यक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ,नियत राम सिदार प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ , राजकुमार जांगड़े ब्लॉक उपाध्यक्ष बसना सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ,डॉ अनुपा दास,परमेश्वर सेन एन.एच. एम.ब्लॉक उपाध्यक्ष सरायपाली उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति के लिए जनपद सदस्य विजय केशी ने मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को दिया ज्ञापन

### स्वास्थ्य केंद्र हसौद में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने से लोगों को इलाज के लिए हो रही भारी परेशानी

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** सक्ती जिले क्षेत्र के हसौद मे संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं रहने से क्षेत्र की लोगों को इलाज के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बरसात के मौसम में गांव के लोगों में बीमारियों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है ऐसे में बेहतर इलाज के लिए हसौद क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ही एकमात्र विकल्प है और वर्तमान समय में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति नहीं है जिसको लेकर हसौद जनपद सदस्य विजय केशी ने जिला चिकित्सा अधिकारी सक्ती से एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की है जिला चिकित्सा अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि बहुत ही जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति किया जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को आवेदन देते समय अजय मनहर प्रकाश कमल ज्योतिष मधुकर अजय कोयल सहित उपस्थित रहे





**हसौद जनपद सदस्य विजय केशी-** हसौद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस गंभीर समस्या को लेकर हमने मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी सक्ती को तत्काल एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति के लिए ज्ञापन दिए हैं और उनसे अनुरोध भी किए हैं

**मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी सक्ती पुजा अग्रवाल-** हसौद जनपद सदस्य के द्वारा हसौद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति के लिए आवेदन दिया गया है बहुत ही जल्द उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की जाएगी जिससे क्षेत्र वासियों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके

## पीड़िता के स्कूटी वाहन को जलाने वाले आरोपियों को भाटापारा से किया गया गिरफ्तार

### मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन पर घर के आंगन में खड़ी स्कूटी वाहन को आग लगाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने मे मिली सफलता

### आगजनी करने वाले आरोपियों को भाटापारा से 01 नग मोटर सायकल एवं 01 नग प्लास्टिक डिब्बा सहित किया गया गिरफ्तार

**मुंगेली( समय दर्शन )थाना** सिटी कोतवाली मुंगेली के अपराध क्रमांक 313/25 धारा 326(त), 324(1), 351(3), 329(4), 3(5) बीएनएस के तहत किया गया कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल (भापुसे) द्वारा निर्देश दिया गया है कि महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिया गया है। दिनॉक 11.07.2025 पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि भाटापारा जिला बलौदाबाजार निवासी विकास माधवानी के साथ उनकी पूर्व में प्रेम संबंध था। आरोपी द्वारा अपना एटीएम कार्ड पीडिता को दिया गया था जिसे मांगने की बात को लेकर 03 दिन पूर्व वाद-विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपी विकास माधवानी द्वारा अपने मित्र विशाल मंधान के साथ मिलकर पीड़िता के किराये के घर में अनाधिकृत रूप से लोहे के दरवाजा से कूदकर





अंदर प्रवेश कर पीड़िता के मेन गेट के दरवाजा को लात से मारकर तोडफोड कर गाली गुप्तार एवं जान से मारने की धमकी दिया और पीड़िता द्वारा दरवाजा नहीं खोलने पर आरोपी विकास माधवानी द्वारा प्लास्टिक के बॉटल में रखे पेट्रोल को पीड़िता के इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं एक्टिवा वाहन में पेट्रोल डालकर माचिस मारकर आग लगाकर अपने मित्र के साथ भाग गया। पीड़िता द्वारा घटना की रिपोर्ट थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में अपराध क्रमांक 313/25 धारा 326(त), 324(1), 351(3), 329(4), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल (भा.पु.से.) द्वारा प्रकरण की गंभीरता दृष्टिगत आरोपियों के पतासाजी हेतु साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली श्री मयंक तिवारी के मार्गदर्शन पर गठित टीम द्वारा मुखबीर एवं साइबर सेल के तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण 1.विकास माधवानी पिता भागचंद माधवानी उम्र 37 वर्ष 2.विशाल मंधान पिता मोतीलाल मंधान उम्र 37 वर्ष दोनो निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार को भाटापारा में घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाकर तथ्यात्मक पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किये। आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त परिवहनरत् 01 मोटर सायकल एवं पेट्रोल वाला 01 प्लास्टिक डिब्बा को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरी. गिरीजाशंकर यादव थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली, उप निरी. सुशील कुमार बंछोर प्रभारी साइबर सेल, सउनि. ईश्वर सिंह राजपूत, प्रआर. लोकेश राजपूत, नरेश यादव, यशवंत डाहिरे, आरक्षक गिरीराज परिहार, महेन्द्र सिंह ठाकुर, जितेन्द्र सिंह एवं मनोज टंडन की अहम भुमिका रही।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ मंच साझा किया

# छत्तीसगढ़ पर्यटन ने कोलकाता में दर्ज कराई प्रभावशाली उपस्थिति



**रायपुर ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों में आज एक महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ी है। कोलकाता में चल रहे ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने अपनी विशिष्ट और समृद्ध विरासत के साथ शानदार उपस्थिति दर्ज करायी। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कोलकाता के टूर ऑपरेटर एवं ट्रेव्हल्स एजेंट को छत्तीसगढ़ के टूर पैकेज के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ मंच साझा किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ जैसे समृद्ध राज्य को भारत के इस प्रमुख पर्यटन मंच पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हमारा राज्य प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं, ऐतिहासिक स्थलों और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर है। छत्तीसगढ़ को आज भी 'अनदेखा भारत' कहा जाता है और यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे चित्रकोट जलप्रपात, कांगेर घाटी, सिरपुर, बस्तर का धुड़मारास के साथ-साथ भोरमदेव, डोंगरगढ़, दंतेवाड़ा आदि धार्मिक स्थलों का उल्लेख किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के टूर ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में छत्तीसगढ़ को भी शामिल करें।

उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को अब उद्योग का दर्जा प्राप्त है और पर्यटन क्षेत्र में होमस्टे, रिसॉर्ट्स, ट्राइबल और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। हमारा उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास को भी मजबूत करना है। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि कोलकाता में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का स्थायी सूचना केंद्र स्थापित किया गया है, जिससे कोलकाता के टूर ऑपरेटर्स और पर्यटकों को सीधी और सुविधा-सम्पन्न सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इस मौके पर कोलकाता के 50 टूर ऑपरेटर एवं ट्रेव्हल्स एजेंट पंजीकृत हुए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने उपस्थित अतिथियों, टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर के समक्ष प्रेजेंटेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सुंदरता,संस्कृति एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा टूरिज्म को लेकर लिए गए निर्णय से भी अवगत कराया।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा जी ने मीडिया से चर्चा में बताया कि भारत को समझने के लिए छत्तीसगढ़ को जानना जरूरी है। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि छत्तीसगढ़ आइए, इसे महसूस कीजिए और भारत की आत्मा से मिलिए।

इस अवसर पर सिक्किम विधानसभा की उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी थापा, मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी,थाईलैंड की महावाणिज्यदूत सुश्री श्रीपोन तांतिपन्याथेप के साथ ही वेस्ट बंगाल टूर ऑपरेटर एवम ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन कोलकाता के लगभग 500 से भी अधिक सदस्य उपस्थित थे।

## खेती में तकनीकी नवाचार से समृद्धि की ओर बढ़ते नवागढ़ के किसान - संतोष साहू बन रहे प्रेरणा स्रोत



**खेती में तकनीकी नवाचार से समृद्धि की ओर बढ़ते नवागढ़ के किसान - संतोष साहू बन रहे प्रेरणा स्रोत**

**रायपुर।** खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ के किसान निरंतर नवाचार अपना रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड नवागढ़ के ग्राम मुरता निवासी कृषक श्री संतोष साहू पिता श्री बुधारी साहू अपने क्षेत्र के किसानों के लिए एक मिसाल बनकर उभरे हैं। आधुनिक तकनीकों को अपनाकर इन्होंने अपनी खेती को न केवल लाभकारी बनाया, बल्कि अन्य किसानों को भी प्रेरित किया है। श्री साहू विगत दो वर्षों से धान की खेती में पैडी ट्रांसप्लांटर तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं। यह तकनीक खेतों में धान की रोपाई के पारंपरिक तरीकों की तुलना में कहीं अधिक सस्ती, समय की बचत करने वाली और उत्पादन में वृद्धि देने वाली साबित हो रही है।

**कम लागत, अधिक लाभ-** श्री साहू ने जानकारी दी कि पहले परंपरागत पद्धति से प्रति एकड़ धान रोपाई में 7,000 से 8,000 रुपये की मजदूरी खर्च होती थी। किंतु अब पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के माध्यम से यही कार्य केवल 400 से 500 रुपये प्रति एकड़ में संपन्न हो जाता है। इससे न केवल उत्पादन लागत में भारी कमी आई है, बल्कि काम की गति और गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है।

**उत्पादन में बढ़ोतरी और रोग नियंत्रण में मदद-** पैडी ट्रांसप्लांटर तकनीक के जरिए रोपी गई धान की फसल में पौधों की समान दूरी और बेहतर रोपाई होने के कारण पौधे मजबूत और स्वस्थ बनते हैं। परिणामस्वरूप, फसल में कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है और उपज अधिक प्राप्त होती है। श्री साहू ने बताया कि इस तकनीक से उन्हें अपेक्षाकृत बेहतर उत्पादन प्राप्त हो रहा है। अन्य किसानों के लिए भी कर रहे सहयोग सिर्फ अपने खेत तक सीमित न रहते हुए श्री संतोष साहू आसपास के किसानों की फसलों में भी पैडी ट्रांसप्लांटर से रोपाई का कार्य कर उन्हें लाभान्वित कर रहे हैं। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने में भी मददगार सिद्ध हो रही है।

**फसल प्रदर्शन योजना का भी उठा रहे लाभ-** श्री साहू छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित फसल प्रदर्शन योजना के तहत भी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत उन्नत तकनीकों और बीजों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे किसान वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। इस प्रकार नवाचार की राह पर अग्रसर होते ग्राम मुड़ता के श्री संतोष साहू जैसे किसान यह सिद्ध कर रहे हैं ।

## संवेदीकरण विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न: खाद्य एवं नापतौल विभाग के अधिकारी हुए शामिल

**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर द्वारा संवेदीकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने की। कार्यशाला में विभाग से जुड़े खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा नापतौल विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता दर्ज की। भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर शाखा कार्यालय के निदेशक एवं प्रमुख श्री एस. के. गुप्ता ने सचिव महोदया को प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं स्वरूप की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात रायपुर शाखा कार्यालय के संयुक्त निदेशक श्री फलेन्द्र कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों का परिचय दिया। प्रस्तुतीकरण में विशेष रूप से मानक निर्धारण की प्रक्रिया, समितियों की संरचना, ड्राफ्ट मानकों पर सुझाव और टिप्पणियों का आमंत्रण, तथा सार्वजनिक




भागीदारी हेतु वाइड सर्कुलेशन ड्राफ्ट की जानकारी दी गई। कार्यशाला में आईएसआई मार्क योजना, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए सीआरएस योजना जैसे विभिन्न प्रमाणन कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आईएसआई मार्क एवं सीआरएस मार्क वाले उत्पादों के लिए अनिवार्य प्रमाणन आदेशों तथा उनकी पहचान की विधियों पर प्रकाश डाला गया। Know Your Standards फीचर के माध्यम से बीआईएस वेबसाइट पर मानक खोजने और डाउनलोड करने की प्रक्रिया को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विभागीय क्रय प्रक्रियाओं में टेंडर तैयार करते समय क्यूसीओ (Quality Control Order ) के अनुपालन एवं प्रमाणन निरीक्षण की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया गया। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि टेंडर प्रक्रिया हेतु उत्पाद परीक्षण के लिए राज्य में किन-किन प्रमाणित प्रयोगशालाओं की सुविधा उपलब्ध है। सोने एवं चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्क एवं एचयूआईडी ( ॥ढ्ढष्ठ ) संख्या की सत्यता जांचने की प्रक्रिया, अनिवार्य हॉलमार्किंग आदेश, हॉलमार्किंग केंद्रों की उपलब्धता, हॉलमार्किंग की प्रक्रिया तथा उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन जांच सुविधा की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यशाला में मानकों के संग्रह का प्रदर्शन किया गया और Standards Watch की उपयोगिता से अवगत कराया गया। साथ ही शैक्षिक क्षेत्र में स्टैंडर्ड्स क्लब एवं एमओयू पार्टनरशिप मॉडल के माध्यम से बीआईएस की शैक्षणिक सहभागिता पर भी जानकारी दी गई।

## हाईवा जैसी भारी वाहनों को आसानी से ऑपरेट करती है जेसीबी दीदी

**रायपुर ( समय दर्शन )।** जेसीबी, चेन माउंटेन और हाईवा जैसी भारी मशीनरी वाहनों को आसानी से ऑपरेट कर अपनी कौशल और साहस का परिचय राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खैरझिटी निवासी 62 वर्षीय श्रीमती दमयंती सोनी दे रही है। श्रीमती दमयंती सोनी को जेसीबी दीदी के नाम से भी जानी जा रही है। जेसीबी दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे भारी मशीनरी वाहनों के एक्स-पो में शामिल होने देश के साथ विदेशों में भी प्रदर्शन किया है, जिसमें उन्हें सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि वे बैंगलोर, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, नेपाल, अहमदाबाद के एक्स-पो कार्यक्रम में शामिल हुई है और वहां सफलतापूर्वक अपने हुनर का प्रदर्शन किया है। ओड़िसा सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जेसीबी दीदी श्रीमती दमयंती सोनी का सम्मान किया है। जेसीबी दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे एक्स-पो कार्यक्रम में शामिल होने मलेशिया और जापान



जाऐंगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल से 3 लाख 76 हजार रूपए की राशि मिली है। जिससे वे दिसम्बर 2025 में जापान जायेंगी। अगस्त 2025 में मलेशिया के कार्यक्रम में शामिल होंगी। जहां वे अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। जेसीबी वाली दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि पति की असामयिक मृत्यु ने उन्हें मजबूत बना दिया और बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी को देखते हुए, उन्होंने जेसीबी चलाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि उनके पति स्वर्गीय उत्तम कुमार सोनी किराए से जेसीबी चलाते थे, जिसे वे प्रतिदिन देखती थी। उन्होंने धीरे-धीर जेसीबी चलाना सीख लिया। पति की मृत्यु के बाद वे जेसीबी चलाने लगी और यही उनकी आजीविका का साधन बना। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अनमोल ने इसी वर्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। बेटी का विवाह भी हो गया है। 62 वर्षीय श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे एक दिन में 30-35 बार मिट्टी एवं मुरूम हाईवा में भर लेती है। मशीनरी वाहनों को आपरेट करते हुए कुशलता से चला लेती है। वह वर्ष 2012 से जेसीबी चला रही है। अन्य राज्यों में समय-समय पर होने वाले एक्स-पो में शामिल हुई और वहां अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। सामान्यत: यह माना जाता है कि ऐसे मशीनरी वाहन चलाना पुरूषों का कार्य है, लेकिन उन्होंने हिम्मत जुटाई और जज्बे के साथ इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने आश्रम छात्रावास बगिया के प्रभारी अधीक्षक को किया निलंबित

**कर्तव्य में लापरवाही बरतने का मामला**

**रायपुर ( समय दर्शन )।** जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने प्रभारी अधीक्षक, शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया ठाकुर दयाल सिंह को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने यह कार्यवाही कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्र अमृत साय के सर्प दंश की सूचना उच्चाधिकारियों को विलंब से देने तथा आश्रम छात्रावास परिसर की देख-रेख करने में लापरवाही बरतने के मामले में की है।


### मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना बनी श्रमिकों का सहारा

**ग्राम बिरबिरा निवासी जनक साहू को मिली आर्थिक सहायता से बेटे का रोजगार और स्वयं का इलाज हुआ संभव**

**रायपुर ( समय दर्शन )।** शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना ज़रूरतमंद श्रमिक परिवार की जिंदगी में उम्मीद की किरण बनकर आई है। ज़िले के आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिरबिरा निवासी 61 वर्षीय जनक साहू को योजना के तहत 20 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई जिससे उनके जीवन में परिवर्तन आया है। श्री साहू ने बताया कि इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने बेटे के लिए सेनेटरी सामग्री खरीदने में किया, जो मिस्त्री का काम करता है। इससे उनके बेटे का छोटा व्यवसाय अब गति पकड़ रहा है। साथ ही, उन्होंने इस सहायता से अपने स्वास्थ्य संबंधी इलाज भी करवाया। उत्साहित श्री साहू ने कहा, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना हम श्रमिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे न केवल हमें आर्थिक सहारा मिला है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ जरूर उठाएं। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए बताया कि रायपुर कलेक्टर कार्यालय द्वारा कॉल सेंटर के माध्यम से उनसे संपर्क कर योजना से संतुष्टि का फीडबैक भी लिया गया। जनक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन श्रमिकों के हित में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इस योजना के माध्यम से श्रमिक परिवारों को संबल मिल रहा है।

### जीवन जीने में सहायक बनी इंदिरा वृद्धावस्था पेंशन

**रायपुर ( समय दर्शन )।** गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे वृद्धजनों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें जीवन जीने में सहयोग देना इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का उद्देश्य है। रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक के ग्राम मांदाडीह निवासी आत्मा राम मनहरे



इस योजना के लाभार्थी हैं। वे पहले किसानी करते थे, लेकिन अब वृद्धावस्था के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। मनहरे के बेटे ने बताया कि उनके पिता पिछले कई महीनों से इस योजना का लाभ मिल रहा है। उनके बेटे बताते है की पिताजी इस पैसे से अपने इलाज के लिए दवाई खरीदते है और सब्जी लेते है। यह थोड़ी सी मदद मेरे लिए बड़ी राहत बन गई है। मनहरे के बेटे तुलसी राम मनहरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा, मैं सरकार का दिल से धन्यवाद करता हूँ। प्रदेश के बुजुर्गों को इसका लाभ लेना चाहिए। इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से 79 वर्ष की आयु के ऐसे वृद्धजन, जो बीपीएल श्रेणी में आते हैं, उन्हें 500 प्रतिमाह तथा 80 एवं अधिक उम्र के वृद्धजनों को 650 रूपये की पेंशन राशि दी जाती है।

### दिव्यांग दीपेश्वर को मिला तत्काल ट्राई सायकल, अब जिंदगी होगी आसान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का केंद्र बन गया है। इसी कड़ी में बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम मयूरनाचा निवासी दीपेश्वर पिता गणेश पैंकरा उम्र 28 वर्ष को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से त्वरित राहत मिली। दीपेश्वर जन्म से ही चलने-फिरने में असमर्थ थी, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। दीपेश्वर ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया पहुंचकर अपनी परेशानी अधिकारियों के समक्ष रखी। उनकी स्थिति को देखते हुए, अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया और ट्राई सायकल उपलब्ध कराई। ट्राई सायकल प्राप्त होते ही दीपेश्वर के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया और कहा कि अब वे अपने कामकाज के लिए स्वतंत्र रूप से आ जा सकेंगी।

### राज्यपाल श्री डेका ने घायल जवानों का जाना कुशलछेम

**रायपुर।**

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज रायपुर के श्री नारायणा हॉस्पिटल में पहुंचकर सीआरपीएफ के घायल जवान श्री मंटू नाथ (निवासी असम राज्य) और श्री राजवीर सिंह (निवासी गुजरात राज्य) का कुशलछेम जाना। ये जवान 8 जुलाई को नक्सलियों द्वारा बीजापुर में किये गए आईडी विस्फोट में घायल हो गए थे। राज्यपाल ने घायल जवानों से चर्चा की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने जवानों का उपचार कर रहे चिकित्सकों से बातचीत कर उनके समुचित उपचार के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने उनके इलाज में किसी भी प्रकार की आवश्यकता की स्थिति में सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की ।

सूचना आयोग को दस्तावेजी साक्ष्य के साथ जनसूचना अधिकारी जवाब प्रस्तुत करें - राज्य सूचना आयोग

## सूचना आयोग को दस्तावेजी साक्ष्य के साथ जनसूचना अधिकारी जवाब प्रस्तुत करें - राज्य सूचना आयोग

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ राज्य सूचना आयोग ने सभी लोकप्राधिकारियों (कार्यालय प्रमुखों) को निर्देशित किया है कि अपने अधीनस्थ तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारियों को निर्देशित करें कि राज्य सूचना आयोग के द्वारा द्वितीय अपील की सुनवाई के लिए प्रेषित नोटिस का जवाब प्रथम सूचना पत्र प्राप्ति के पश्चात 30 दिवस के भीतर कंडिकावार मय दस्तावेज के साथ जवाब प्रस्तुत कर पंजीकृत डाक से राज्य सूचना आयोग को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जवाब प्रस्तुत करते समय तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारी का नाम पदनाम का स्पष्ट उल्लेख करें। उन्होंने यह भी कहा है कि तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारियों का नाम पदनाम, कार्यावधि तथा वर्तमान पदस्थापना स्थल की जानकारी आयोग को देना सुनिश्चित करें।

राज्य सूचना आयोग ने कहा है कि तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारियों के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई के लिए प्रेषित नोटिस का जवाब तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारियों से प्राप्त नहीं होने के कारण प्रकरण की सुनवाई में अनावश्यक विलंब होता है। साथ ही तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारियों सुनवाई में प्रकरण से संबंधित समस्त अभिलेख एवं नस्ती के साथ उपस्थित रहें, यदि अपरिहार्य कारण से तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारी आयोग के द्वितीय अपील की नियत तिथि को सुनवाई में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अपने ऐसे प्रतिनिधि को सुनवाई के लिए भेजा जाए जिनको प्रकरण के संबंध में संपूर्ण जानकारी हो एवं संपूर्ण दस्तावेज और जानकारी के साथ आयोग के समक्ष सुनवाई के अवसर पर सूचना आयोग के द्वारा चाही गई जवाब प्रस्तुत कर सके। आयोग ने कहा कि आयोग की सुनवाई में तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारी के द्वारा प्रतिनिधि के रूप में प्राधिकार पत्र मान्य किया जाएगा और उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब को तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारी का जवाब माना जाएगा। प्राधिकार पत्र के अभाव में प्रतिनिधि की उपस्थिति मान्य नहीं की जाएगी।




राज्य सूचना आयोग ने सभी तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोग/अपीलार्थी से पत्राचार करते समय प्रकरण क्रमांक, वर्ष और सुनवाई की तिथि के साथ-साथ अपना नाम, पदनाम, पदस्थापना स्थल का स्पष्ट उल्लेख करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि आयोग के समक्ष सुनवाई के पूर्व तत्कालीन जनसूचना अधिकारी/वर्तमान जनसूचना अधिकारियों से पंजीकृत डाक से नियमानुसार प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं होने पर एवं उक्त निर्देश का पालन नहीं होने की स्थिति में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20 (1) एवं धारा 20 (2) के तहत और शासन के द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार अर्थदण्ड एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

# संपादकीय

## मतदाता सूचियों की अद्यतन जरूरी

निर्वाचन आयोग छह राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद की तैयारी में है। तर्क है कि मतदाता सूची कई कारणों से बदलती रहती हैं। इसलिए इनका अद्यतन होना जरूरी है। विपक्षी दलों को इसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने की आशंका हो रही है। आयोग ने कहा कि वोटर सूची बदलाव मतदाताओं की मौत, प्रवासन, लोगों के स्थानांतरण और 18 वर्ष के नये मतदाताओं के जुड़ने के कारण होता है। संविधान का अनुच्छेद 326 निर्वाचक बनने के लिए पात्रता निर्दिष्ट करता है। केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ही निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र हैं। आयोग का कहना है कि उसने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपलोड कर दी है। इसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। 2003 की सूची में शामिल लोग अपना गणना फार्म जमा करते समय साक्ष्य के रूप में इसका उपयोग कर सकते हैं। अब कुल मतदाताओं में से लगभग 60 प्रतिशत को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना होगा। उन्हें 2003 की मतदाता सूची से अपना विवरण सत्यापित करना होगा। तर्क है कि चुनाव से पहले जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 25 के अनुसार मतदाता सूची में संशोधन अनिवार्य है। इस कवायद से विपक्षी दलों में खलबली है। ये दल इसे अपने समर्थक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाने की कवायद के रूप में देख रहे हैं। टीएमसी को तो लगता है कि यह केंद्र सरकार की विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए गुपचुप तरीके से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) लाने की कुटिल चाल है। बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने इस पुनरीक्षण का कड़ा विरोध करने का फैसला किया है। उसने इसे विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन की मदद का प्रयास बताया है। राजद नेता तेजस्वी यादव का तर्क है कि आयोग पुनरीक्षण को लेकर इतना ही गंभीर था तो उसे लोक सभा चुनाव के तुरंत बाद इसे करना चाहिए था। मतदाताओं से ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जो बहुत कम लोगों के पास ही हो सकते हैं। इसका शिकार दलित, मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग के लोग हो सकते हैं। हाल के समय में विपक्ष के सवालों पर चुनाव आयोग की चुप्पी ने विपक्ष के कान खड़े कर दिए हैं।

# पंजाबी अखबारों की राय : पंजाब में तेजी से बिगड़ रही कानून-व्यवस्था



-डॉ. आशीष वशिष्ठ

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है— आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है।

पंजाब में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन और बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और उस पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी है।

सूबे की कानून व्यवस्था पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून अपने संपादकीय ''पंजाब में बढ़ता अपराध'' में लिखता है- अबोहर के व्यापारी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हत्या और मोगा के एक क्लीनिक में अभिनेत्री तानिया के पिता की गोली मारकर हत्या ने एक तरह से यह उजागर कर दिया है कि किस तरह संगठित अपराध राज्य में आपराधिक गतिविधियों को आसानी से अंजाम दे रहा है। अखबार लिखता है शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी, नशे की लत व जल्दी पैसे कमाने का लालच कई पंजाबी युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। पंजाब में आपराधिक-आतंकवादी गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रहा; यह अंतर्राष्ट्रीय, तकनीकी रूप से सक्षम और वैचारिक रूप से अस्थिर हो गया है। यह संकट जितना लंबा चलेगा, पंजाब के भविष्य को पटरी पर लाना उतना ही मुश्किल होता जाएगा।

जालंधर से प्रकाशित 'पंजाबी जागरण' लिखता है- पंजाब पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के कारण सुर्खियों में है। अबोहर में हुई एक घटना ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक समूह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के ज़रिए इस घटना की जिम्मेदारी ली है। ऐसा नहीं है कि राज्य में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना आम बात है। अबोहर की घटना ने पंजाब में जबरन वसूली के बढ़ते मामलों पर भी प्रकाश डाला है।

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है— आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है।

जालंधर से प्रकाशित रोजाना पंजाब टाइम्स लिखता है— वर्ष 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब में जबरन वसूली और धमकियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 से फरवरी 2023 तक जबरन वसूली और धमकी के 278 मामले दर्ज किए गए, जो मार्च 2023 से दिसंबर 2023 तक बढ़कर 307 हो गए। यह वृद्धि समाज और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है। अखबार लिखता है, सिद्धू मूसेवाला की हत्या ने संगठित अपराध की गंभीरता को उजागर किया, लेकिन इसके ख़िलाफ़ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। जबरन वसूली की घटनाओं ने पंजाब के व्यापारियों और छोटे उद्योगपतियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। कई व्यापारी और कलाकार धमकियों के कारण अपना व्यवसाय या पेशा छोड़ने की सोच रहे हैं। इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन लिखता है, इस साल अब तक चंडीगढ़ में हत्या के 15 मामले दर्ज किए गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि तेजी से हो रहे शहरीकरण, अन्य कारकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और बिहार से पंजाब और चंडीगढ़ की ओर युवा पीढ़ी के बढ़ते पलायन के कारण भी गंभीर और घातक अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। जिन व्यवसायों में स्थानीय लोगों की विशेषज्ञता है, उनमें बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जैसी मांगें राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उठने लगी हैं। पंजाब और चंडीगढ़ को भी अब इस दिशा में कुछ सार्थक कदम उठाने की ज़रूरत है।

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों पर चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' लिखता है- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा है: अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। चंडीगढ़ से प्रकाशित 'देशसेवक' लिखता है- छोटी-मोटी बाधाओं के बावजूद, चुनाव आयोग ने न केवल देश में, बल्कि दुनिया में भी सम्मान अर्जित किया है। बिहार चुनावों में चुनाव आयोग के सामने अपनी ईमानदारी बचाने की चुनौती है।

जालंधर से प्रकाशित 'अज दी आवाज' लिखता है— बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। रसूखदारों और कारोबारियों की हत्याओं की घटनाओं ने राज्य सरकार की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। युवा बेरोजगार हैं और आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में नीतीश कुमार ने भी अन्य राजनेताओं की तरह चुनाव के दौरान जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े ऐलान किए हैं। अखबार आगे लिखता है, बिहार सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत के लिए चुना गया समय उसकी ईमानदारी पर सवाल उठा रहा है। अगर सरकार वाकई लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर और सजग होती, तो ये घोषणाएं एक-दो साल पहले ही की जा सकती थीं। यह तो समय ही बताएगा कि सरकार के अंतिम दिनों में मतदाताओं को लुभाने के लिए की गई घोषणाएं कारगर साबित होती हैं या नहीं।

महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे के गठबंधन पर जालंधर से प्रकाशित 'अज दी आवाज' लिखता है- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने के फैसले ने दोनों चचेरे भाइयों, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को करीब आने का अवसर दिया। ऐसा लगता है मानो दोनों नेता साथ आने के मौके का इंतज़ार कर रहे थे। फिलहाल, ये दोनों पार्टियां अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं। ठाकरे भाइयों का तात्कालिक लक्ष्य प्रतिष्ठित मुंबई नगर निगम में पैर जमाना है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति और विपक्षी एमवीए दोनों ही आंतरिक मतभेदों से घिरे हुए हैं। राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर, आगामी समय में महाराष्ट्र की राजनीति में और अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे और उनका प्रदर्शन राजनीति में उनका भविष्य भी तय करेगा। इसके अलावा एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या ये दोनों स्थानीय चुनाव अकेले लड़ेंगे या एमवीए के सहयोगी कांग्रेस और शरद पवार के साथ मिलकर लड़ेंगे।

चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' लिखता है— शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा हताशा में अपनाया गया यह अंतिम उपाय है। शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के बेटे उद्धव और भतीजे राज ठाकरे अपनी राजनीतिक किस्मत चमकाने के लिए 'मराठी मानुष' कार्ड पर भरोसा कर रहे हैं। वे भाजपा पर किसी न किसी बहाने महाराष्ट्र के लोगों को बांटने का आरोप लगा रहे हैं; हालांकि, उनकी लड़ाई केवल भगवा पार्टी के खिलाफ ही नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली 'आधिकारिक' शिवसेना के खिलाफ भी है। ठाकरे बंधुओं के पुनर्मिलन का मतलब है कि शिंदे अब मराठी वोट को हल्के में नहीं ले सकते।

## मराठी मानुष को लेकर फिर से मैदान सजाना चाहते हैं ठाकरे परिवार

**अजय दीक्षित**

अभी कुछ दिनों पहले ही खबर आई थी कि उद्धव और राज ठाकरे ने आपस में समझौता कर राजनीति की एक राह पकड़ली है।एक सप्ताह में ही राज ठाकरे की पार्टी ने वही बात आंदोलित कर दी कि मुंबई मराठी भाषा बोलने वालों की है और हम महाराष्ट्र में तीसरी या दूसरी भाषा हिंदी को नहीं चलने देंगे।यह कहना ही था कि भारतीय जनता पार्टी के मुखर सांसद निशिकांत दुबे ने कह दिया कि हम बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में मराठी भाषा बोलने वालों को पटक पटक कर मारेगे।बस मुंबई में आज मीरा रोड पर एम एन एस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया बदले में मुंबई पुलिस ने लाठी चार्ज कर भीड़ को खदेड़ दिया। 1966 में तत्कालीन एक कार्टूनिस्ट बाल ठाकरे ने मुंबई में शिवसेना नामक एक राजनीतिक दल की स्थापना की थी और उनका उद्देश्य भी यही था कि भाषा के आधार पर मुंबई में राजनीत की जाय तब स्व बाल ठाकरे मुंबई महा पालिका में सक्रिय थे। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा में उसका कोई विशेष बर्चस्व नहीं था। महाराष्ट्र में कांग्रेस के सामने कुछ हलकों में पहले जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी का बजूद था।1989 में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक गठबंधन बना और बीएमसी में एक साथ चुनाव लड़े । उसके बाद 1995 में यह गठबन्धन सत्ता में आया। शिव सेना बड़े भाई की भूमिका में थी क्योंकि उसके अधिक विधायक लड़े भी और जीत कर भी आए । मनोहर जोशी राजग के पहले मुख्यमंत्री बने। लेकिन 2014 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 121 सीट जीती और देवेंद्र फडणवीस भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बने लेकिन 2019 के विधानसभा चुनावों में 107 भारतीय जनता पार्टी ने जीती और 63 पर शिवसेना। शिव सेना ने मुख्यमंत्री पद मांगा तो भारतीय जनता पार्टी ने इनकार कर दिया। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस, ह्ष्टक्क से मिलकर सरकार बना ली।यही से भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के रास्ते अलग हो गए।2022 में 10 अक्तूबर को शिव सेना में एक नाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह हो गया और लगभग सभी विधायक शिंदे के साथ चले गए और शिंदे भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से मुख्यमंत्री बने। शिंदे ने अपनी अलग शिव सेना बनाली।2024 के चुनाव में अजीत पवार एनसीपी,शिंदे शिव सेना और भारतीय जनता पार्टी ने 288 में से दो तिहाई 238 जीत दर्ज कर सरकार बनाई और देवेंद्र फडणवीस पुन: मुख्यमंत्री बने। उद्धव ठाकरे को इन विधानसभा चुनावों में मात्र 23 सीट मिली ।इस प्रकार ठाकरे परिवार का मुंबई और महाराष्ट्र से बाजूद समाप्त हो गया।अब निकट भविष्य में 76000 करोड़ सलीना बजट बाली बीएमसी के चुनाव होने हैं और ठाकरे परिवार पुन: प्रति स्थापित होना चाहता है तो उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को मनाया है और वहीं मुद्दा मराठी मानुष का बोलबाला उठाया है। केंदीय सरकार की शिक्षा नीति में हिंदी,एक स्थानीय भाषा और अंग्रेजी भाषा पढ़ाने की बात है उस नीति को भी निशाना बनाना था मगर मुख्यमंत्री श्री देवेंद फडणवीस ने उससे पहले ही हिंदी न पढ़ाने की घोषणा कर दी। ठाकरे परिवार अब पुन: मराठी मानुष के प्रमुख मुद्दे पर उतर कर पुन: राजनीतिक जमीन तलाश रहा है।

# राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्र भाषा से बचना पड़ेगा

**विनीत नारायण**

मलाही भाषा येत नाही। भाषा संवाद के लिए होती है, झगड़े उपद्रव के लिए नहीं झगड़े उपद्रव के लिए लट्ठबाजी, गोलीबारी होती है। गले लगा लो तो बिना भाषा के भी संवाद हो जाता है। राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना गौरव और गरिमा की बात है। महाराष्ट्र की उत्कृष्ट सभ्यता संस्कृति है। इसे क्षुद्र स्तर पर न ले आने के लिए हम सजग सावधान रहें तो इसकी सभ्यता-संस्कृति पूरे विश्व में जगमगाती रहेगी। मराठी-गुजराती-हिन्दी-अंग्रेजी की यहां सब नदियां एक ही महासागर से जुडी हैं। इसलिए यहां संकीर्णता नहीं, उदारता ही प्रवाहमान होती है। सभ्यता-संस्कृति का दीप-स्तंभ बनती है। यह कहना है स्वामी चैतन्य कीर्ति का। इस विषय में ओशो क्या कहते हैं : 'एक मित्र ने पूछा है कि क्या भारत में कोई राष्ट्र भाषा होनी चाहिए? यदि हां, तो कौन सी? राष्ट्र भाषा का सवाल ही भारत में बुनियादी रूप से गलत है। भारत में इतनी भाषाएं हैं कि राष्ट्र भाषा सिर्फ लादी जा सकती है, और जिन भाषाओं पर लादी जाएगी उनके साथ अन्याय होगा। भारत में राष्ट्र भाषा की कोई भी जरूरत नहीं है। भारत में बहुत-सी राष्ट्रभाषाएं ही होंगी और आज कोई कठिनाई भी नहीं है कि राष्ट्र भाषा जरूरी हो। रूस बिना राष्ट्र भाषा के काम चलाता है, तो हम क्यों नहीं चला सकते? आज तो यांत्रिक व्यवस्था हो सकती है संसद में, बहुत थोड़े खर्च से, जिसके द्वारा एक भाषा सभी भाषाओं में अनुवादित हो जाए, लेकिन राष्ट्र भाषा का मोह बहुत महंगा पड़ रहा है। भारत की प्रत्येक भाषा राष्ट्र भाषा होने में समर्थ है। इसलिए कोई भी भाषा अपना अधिकार छोड़ने को राजी नहीं होगी, होना भी नहीं चाहिए। लेकिन यदि हमने जबरदस्ती किसी भाषा को राष्ट्र भाषा बना कर थोपने की कोशिश की तो देश खंड-खंड हो जाएगा। आज देश के बीच विभाजन के जो बुनियादी कारण हैं, उनमें भाषा एक है। राष्ट्र भाषा बनाने का खयाल ही राष्ट्र को खंड-खंड में तोड़ने का कारण बनेगा। अगर राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्र भाषा से बचना पड़ेगा और अगर राष्ट्र को मिटाना हो तो राष्ट्र भाषा की बात आगे भी जारी रखी जा सकती है। मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्र भाषाएं हैं, उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषा पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिन्दी हो और चाहे कोई और हो।

कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलुगू, बंगाली या गुजराती को हिन्दी दबाए। लेकिन गांधी जी के कारण जो कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिन्दी को राष्ट्र भाषा का वहम देने की भी है। हिन्दी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्र भाषा है तो हिन्दी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं, और वे अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिन्दी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता। सिर्फ संसद में हमें यांत्रिक व्यवस्था करनी चाहिए कि सारी भाषाएं अनुवादित हो सकें। और वैसे भी संसद कोई काम तो कोई करती नहीं है कि कोई अड़चन हो जाएगी। सालों तक एक-एक बात पर चर्चा चलती है, थोड़ी देर और चल लेगी तो कोई फर्क नहीं होने वाला है। संसद कुछ करती हो तो भी विचार होता कि कहीं कार्य में बाधा न पड़ जाए। कार्य में कोई बाधा पड़ने वाली नहीं मालूम होती। फिर मेरी दृष्टि यह भी है कि यदि हम राष्ट्र भाषा को थोपने का उपाय न करें तो शायद बीस- पच्चीस वर्षों में कोई एक भाषा विकसित हो और धीरे-धीरे राष्ट्र के प्राणों को घेर ले। वह भाषा हिन्दी नहीं होगी, वह भाषा हिन्दुस्तानी होगी। उसमें तमिल के शब्द भी होंगे, तेलुगू के भी, अंग्रेजी के भी, गुजराती के भी, मराठी के भी। वह एक मिश्रित नई भाषा होगी जो धीरे-धीरे भारत के जीवन में से विकसित हो जाएगी। लेकिन, अगर कोई शुद्धतावादी चाहता हो कि शुद्ध हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाना है, तो यह सब पागलपन की बात है। इससे कुछ हित नहीं हो सकता।' यह तो थी ओशो की सोच। महाराष्ट्र, एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और मराठी भाषा के लिए जाना जाता है, आज भाषा विवाद के कारण चर्चा में है। मराठी, जो इस राज्य की आत्मा है, न केवल एक भाषा है, बल्कि महाराष्ट्र की पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक भी है। हाल के वर्षों में मराठी भाषा के उपयोग और सम्मान को लेकर कई विवाद सामने आए हैं, जो सामाजिक-राजनीतिक स्तर पर तनाव का कारण बन रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। विशेष रूप से मुंबई जैसे महानगरों में, जहां विविधता अपनी चरम सीमा पर है, मराठी भाषा को कई बार उपेक्षित महसूस किया जाता है।

# लिथियम की होड़ में भारत-चीन आमने-सामने, अर्जेंटीना बना रणनीतिक रणभूमि

**नीरज कुमार दुबे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना की द्विपक्षीय यात्रा दोनों देशों के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही इस यात्रा का एक और बड़ा रणनीतिक असर होने जा रहा है। हम आपको बता दें कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में लैटिन अमेरिका और एशिया के देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक रिश्ते गहराते जा रहे हैं। अर्जेंटीना और चीन के संबंध इसी उभरते भू-राजनीतिक समीकरण का हिस्सा हैं। बीते एक दशक में अर्जेंटीना ने चीन के साथ अपने व्यापारिक, निवेश, और कूटनीतिक संबंधों को अत्यंत मजबूत किया है। यह संबंध न केवल क्षेत्रीय रणनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भारत के लिए भी कई अवसर और चुनौतियाँ उत्पन्न कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि चीन अर्जेंटीना का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों ने कृषि, अवसंरचना, ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में कई समझौते किए हैं। चीन अर्जेंटीना से बड़ी मात्रा में सोयाबीन, मांस और कृषि उत्पाद आयात करता है। साथ ही चीन ने अर्जेंटीना में जलविद्युत परियोजनाओं और परमाणु संयंत्रों में भारी निवेश किया है। यही नहीं, अर्जेंटीना वर्ष 2022 में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव BRI में शामिल हुआ, जिससे चीन की लैटिन अमेरिका में रणनीतिक उपस्थिति और गहराई। एक खास बात और है कि अर्जेंटीना लिथियम ट्रायंगल का हिस्सा है और चीन ने वहां की कई लिथियम परियोजनाओं में निवेश कर रखा है।

चीन का अर्जेंटीना में गहराता प्रभाव भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से चिंता का विषय है, खासकर जब चीन की नीति Global South के देशों में कर्ज और निवेश के माध्यम से प्रभाव बढ़ाने की रही है। यहां यह भी काबिलेगौर है कि भारत इलेक्ट्रिक वाहनों और ऊर्जा भंडारण के लिए लिथियम पर निर्भर है। अर्जेंटीना में चीन की बढ़ती हिस्सेदारी इस महत्वपूर्ण




खनिज की वैश्विक आपूर्ति में भारत को पीछे धकेल सकती है। इसलिए भारत अर्जेंटीना के साथ अपने संबंधों को मजबूती देना चाहता है, लेकिन चीन की पहले से मौजूदगी भारत की कूटनीतिक पहुंच को सीमित कर सकती है। लेकिन भारत के ग्लोबल साउथ को जोड़ने की नीति अर्जेंटीना जैसे देशों में स्वीकार्यता पा रही है।

देखा जाये तो भारत और चीन दोनों ही अर्जेंटीना को एक बड़ा कृषि, औद्योगिक और खनिज स्रोत मानते हैं। हालांकि चीन का आक्रामक निवेश मॉडल भारत के लिए प्रतिस्पर्धा को कठिन बना देता है, खासकर तब जब भारत सतर्क और स्थिर निवेश नीति पर चलता है। सवाल उठता है कि भारत की रणनीतिक दिशा क्या होनी चाहिए? इसका जवाब यह हो सकता है कि भारत को अर्जेंटीना सहित लैटिन अमेरिका के देशों में उच्च स्तरीय राजनीतिक और व्यापारिक संवाद को और गहरा करना होगा। साथ ही अर्जेंटीना में लिथियम जैसे संसाधनों के लिए भारत को चीन के समानांतर रणनीतिक साझेदारियाँ बनानी होंगी। इसके अलावा, 'सॉफ्ट पावर' के माध्यम से भारत अर्जेंटीना में अपनी पहचान मजबूत कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्जेंटीना दौरे में देखने को आया कि भारत जिन उद्देश्यों और लक्ष्यों को लेकर चल रहा है उसमें सही रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। वैसे भी हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के द्विपक्षीय संबंध ऐतिहासिक, कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से लगातार प्रगाढ़ हुए हैं। ये संबंध केवल व्यापार और कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, खेल और संस्कृति जैसे विविध क्षेत्रों में भी परस्पर सहयोग का आधार बनते जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत और अर्जेंटीना के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1949 में स्थापित हुए थे। दोनों देश वैश्विक मंचों पर समान विचार साझा करते हैंङ्क जैसे बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद विरोध और त्वद्यobal South की आवाज को सशक्त बनाना। पिछले दो दशकों में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक यात्राएं, व्यापारिक समझौते और रणनीतिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करें तो आपको बता दें कि दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सहयोग को लेकर सहमति जताई। साथ ही अर्जेंटीना चूंकि Lithium Triangle का हिस्सा है और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के लिए लिथियम एक प्रमुख संसाधन है, इसलिए प्रधानमंत्री की यात्रा में लिथियम आपूर्ति के समझौते बेहद अहम रहे। इसके अलावा, अर्जेंटीना कृषि विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी में उन्नत है इसलिए भारत ने कृषि क्षेत्र में सहयोग की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। साथ ही दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ाने पर जोर दिया, विशेषकर आईटी, फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहन देने पर सहमति हुई।

आगे की संभावनाओं पर गौर करें तो कहा जा सकता है कि भारत-अर्जेंटीना संबंध आने वाले वर्षों में और अधिक सुदृढ़ हो सकते हैं, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर और पवन ऊर्जा में। इसके अलावा, छात्र विनिमय कार्यक्रम और विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी से शिक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग और बढ़ने की संभावना है। साथ ही अर्जेंटीना की फुटबॉल विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी अपार संभावनाएं हैं।

बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना यात्रा भारत की Act Global कूटनीतिक नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इस यात्रा ने न केवल दोनों देशों के बीच सहयोग के नए द्वार खोले हैं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ किया है। अर्जेंटीना जैसे लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भारत के संबंधों की सुदृढ़ता न केवल आपसी सहयोग को बढ़ावा देती है, बल्कि वैश्विक संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी है।



# श्रावण सोमवार पर बन रहे विशेष ज्योतिषीय संयोग, महादेव करेंगे हर मनोकामना पूरी

श्रावण माह 11 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक रहेगा, जिसमें शिव उपासना के पूरे 30 दिन मिलेंगे। चारों सोमवार विशेष योगों से युक्त हैं। मराठी व गुजराती समाज में श्रावण 25 जुलाई से शुरू होगा। इस माह में कई व्रत-त्योहार, जैसे नाग पंचमी, रक्षाबंधन व सावन शिवरात्रि मनाए जाएंगे।

हिंदू पंचांग के अनुसार शिव आराधना का पावन श्रावण माह इस बार 11 जुलाई 2025 से शुरू होकर 9 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस बार का श्रावण मास विशेष खगोलीय संयोगों, शुभ योगों और धार्मिक आयोजनों के कारण बहुत लाभदायक माना जा रहा है। पूरे 30 दिन मिलने से शिव उपासकों को लगातार पूजा-अर्चना का अवसर मिलेगा। शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने की पूरी संभावना है। मंदिरों में विशेष आयोजन शुरू हो चुके हैं।

## आयुष्मान, सौभाग्य और प्रति योग में होगी शुरुआत

श्रावण माह की शुरुआत 11 जुलाई को आयुष्मान, सौभाग्य और प्रति योग में हो रही है। यह तीनों योग जीवन में समृद्धि, दीर्घायु और शुभफल देने वाले माने जाते हैं। इस शुभ शुरुआत के साथ पूरे माह का वातावरण धार्मिक ऊर्जा से भरपूर रहेगा।

## चार सावन सोमवार पर विशेष ज्योतिषीय संयोग

इस बार चारों सोमवार अत्यंत विशेष हैं क्योंकि हर सोमवार को कोई न कोई शुभ योग बन रहा है-

पहला सोमवार (14 जुलाई) - गजकेसरी योग और संकष्टी चतुर्थी।

दूसरा सोमवार (21 जुलाई)- सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और बुधादित्य योग।

तीसरा सोमवार (28 जुलाई)- रवि योग।

चौथा सोमवार (4 अगस्त)- सर्वार्थ सिद्धि योग।

इन योगों में शिव पूजा विशेष रूप से कल्याणकारी मानी जाती है और भक्तों को आरोग्य, आयु और मानसिक शांति का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## मराठी और गुजराती समाज में अलग श्रावण माह

ज्योतिषाचार्य श्रीकांत पोपलेकर के अनुसार मराठी एवं गुजराती समाज के पंचांग के अनुसार श्रावण माह की शुरुआत 25 जुलाई से होगी। उनके सोमवार 28 जुलाई, 4 अगस्त, 11 अगस्त और 18 अगस्त को होंगे। इस अनुसार दोनों परंपराओं में धार्मिक आस्था और अनुष्ठानों की विविधता देखने को मिलेगी।



# सावन में घर में रखें ये चीजें, पूरे महीने बनी रहेगी शुभता

सावन का महीना जिसे श्रावण मास भी कहते हैं, हिंदू धर्म में भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र महीनों में से एक माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि सावन के महीने में भगवान शिव अपनी पत्नी देवी पार्वती के साथ पृथ्वी पर निवास करते हैं और इस दौरान उनकी पूजा करने से वे विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं। भक्त शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा चढ़ाकर शिव का अभिषेक करते हैं जिससे उन्हें मनोकामनाओं की पूर्ति, सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति मिलती है। खासकर सोमवार के दिन जिसे सावन का सोमवार कहते हैं शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है और कांवड़ यात्रा भी निकाली जाती है, जो इस महीने की धार्मिक महत्ता को और बढ़ा देती है। सावन का जितना धार्मिक महत्व है उतना ही ज्योतिष शास्त्र में भी विशेष स्थान माना गया है। सावन माह के शुरू होने से पहले या फिर सावन माह के पहले दिन भगवान शिव से जुड़ी इन 5 चीजों को घर में अवश्य रखना चाहिए। इससे कई लाभ भी मिलते हैं।

## सावन के दौरान घर में रखें शिवलिंग

घर में एक छोटा शिवलिंग रखना सावन में बहुत शुभ माना जाता है। इसे पूजा स्थान पर स्थापित करना चाहिए और नियमित रूप से अभिषेक करना चाहिए। शिवलिंग घर में साक्षात शिव की उपस्थिति का प्रतीक है। इसे रखने से चंद्रमा ग्रह मजबूत होता है जिससे मानसिक शांति और स्थिरता आती है। यह राहु और केतु के बुरे प्रभावों को भी शांत करता है जिससे जीवन में अप्रत्याशित बाधाएं कम होती हैं। घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। शिवलिंग की पूजा से व्यक्ति को निरोगी काया और दीर्घायु प्राप्त होती है।

## सावन के दौरान घर में रखें त्रिशूल

त्रिशूल भगवान शिव का प्रमुख अस्त्र है और यह तीन लोकों भूत, वर्तमान, भविष्य और तीनों गुणों सत्व, रज, तम पर शिव के नियंत्रण का प्रतीक है। सावन में चांदी या तांबे का छोटा त्रिशूल घर में रखना शुभ होता है। त्रिशूल को घर में रखने से मंगल ग्रह मजबूत होता है। यह घर में नकारात्मक शक्तियों और बुरी नज़र से रक्षा करता है। किसी भी प्रकार के तंत्र-मंत्र या टोने-टोटके का प्रभाव नहीं पड़ता। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, जिससे परिवार में शांति और सद्भाव बना रहता है। यह शत्रुओं पर विजय दिलाने और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक है।

## सावन के दौरान घर में रखें रुद्राक्ष

रुद्राक्ष भगवान शिव के अश्रुओं से उत्पन्न हुआ माना जाता है, और इसमें स्वयं शिव का वास होता है। सावन में रुद्राक्ष को घर में लाना और पूजा स्थान पर रखना या धारण करना अत्यंत शुभ है। रुद्राक्ष का संबंध सीधे सूर्य ग्रह और चंद्रमा ग्रह से होता है। इसे धारण करने या घर में रखने से आत्मविश्वास बढ़ता है, निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होता है और मन शांत रहता है। यह तनाव और चिंता को कम करता है और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। रुद्राक्ष पहनने से व्यक्ति को रोगों से मुक्ति मिलती है और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मकता लाता है।

## सावन के दौरान घर में रखें डमरू

डमरू भगवान शिव का वाद्य यंत्र है और यह सृष्टि की ध्वनि और लय का प्रतीक है। सावन में छोटा डमरू घर में रखने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। डमरू की ध्वनि नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर में सकारात्मक कंपन पैदा करती है। यह शनि ग्रह के बुरे प्रभावों को कम करने में सहायक है। बच्चों के कमरे में डमरू रखने से उनका मन शांत रहता है, भय दूर होता है और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है। यह घर में अमंगल को दूर करता है और बुरी शक्तियों को प्रवेश करने से रोकता है। डमरू घर में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण बनाता है।

## सावन के दौरान घर में रखें नाग

भगवान शिव के गले में नाग विराजते हैं, इसलिए नाग उन्हें अत्यंत प्रिय हैं। सावन में घर में धातु का नाग-नागिन का जोड़ा रखना शुभ माना जाता है। इसे मुख्य द्वार के नीचे दबाने या पूजा स्थान पर रखने की परंपरा है। नाग-नागिन का जोड़ा राहु और केतु के नकारात्मक प्रभावों को शांत करता है। यह कालसर्प दोष के निवारण में भी सहायक माना जाता है। इसे घर में रखने से रुके हुए काम बनने लगते हैं और धन-समृद्धि में वृद्धि होती है। यह घर को बुरी नजर और नकारात्मक ऊर्जा से बचाता है। नाग-नागिन का जोड़ा सुरक्षा और संतान प्राप्ति के लिए भी शुभ माना जाता है।





# शनिवार के दिन शिव जी से जुड़े करें ये उपाय

भगवान शिव आदि भी हैं और अनंत भी हैं। भगवान शिव भोले भी हैं और क्रोधी भी हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव की आराधना करने से जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य, धन-संपदा आदि सभी का वास बना रहता है। ज्योतिष शास्त्र में हर देवी-देवता से जुड़े कुछ उपाय बताये गए हैं जिन्हें उनकी पूजा के साथ-साथ किया जाए तो इससे न सिर्फ देवी-देवताओं की कृपा मिलती है बल्कि कई लाभ भी प्राप्त होते हैं। इसी कड़ी में आज हम जानेंगे शिव जी से जुड़े कुछ उपायों के बारे में, जिन्हें आजमाने से हम भगवान शिव का आशीर्वाद और उनकी कृपा मिलने वाले लाभों को प्राप्त कर सकें।

## पारिवारिक शांति के लिए शिव जी का उपाय

एक पीला कपड़ा लें और उस पर लाल चंदन से ऊँ लिखें। फिर ऊँ पर अक्षत छिड़कें। इसके बाद भगवान शिव का ध्यान करते हुए उनके पंचाक्षर मंत्र ऊँ नमः शिवाय का 108 बार जाप करें। जाप समापन के बाद उस कपड़े को अच्छे से लपेटकर घर के मंदिर में रख दें। इससे पारिवारिक एवं वैवाहिक क्लेश दूर होगा। घर में शांति की स्थापना होगी और आपसी प्रेम एवं सौहार्द बढ़ेगा।

## धन प्राप्ति के लिए शिव जी का उपाय

अगर आपके रुद्राक्ष की माला है या रुद्राक्ष के मनके हैं तो एक मनका लेकर एक कटोरी में रखें और उसे गंगाजल या दूध से स्नान कराएं। इसके बाद रुद्राक्ष के मनके को लाल धागे में पिरोकर घर की तिजोरी में स्थापित करें। अगर आपके पास रुद्राक्ष की माला है तो उसे गंगाजल में भिगोगर घर के लॉकर में रखें। इससे घर की आर्थिक स्थिति में लाभ मिलने लगेगा और धन प्राप्ति होगी।

## सुख-समृद्धि के लिए शिव जी का उपाय

एक बेलपत्र लें और उस पर श्री राम लिखें। फिर उस बेलपत्र को शिवलिंग पर अर्पित कर दें। इसके बाद कोई भी 5 अनाज किसी जरूरतमंद को दान कर दें। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी। कभी भी घर में अन्न या धन का अभाव नहीं होगा। इसके अलावा, इस दिन आप अगर शिव चालीसा का पाठ करते हैं तो इससे भी शिव जी प्रसन्न होंगे और आप पर उनकी कृपा बरसेगी।

# शुरू हो गया है सावन का महीना? सोमवार तिथियां और धार्मिक महत्व

सावन का महीना हिंदू धर्म में भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र महीनों में से एक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी महीने में भगवान शिव धरती पर अपनी ससुराल गए थे, जहां उनका स्वागत जल चढ़ाकर किया गया था। यह भी माना जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को शिव जी ने इसी महीने पीकर सृष्टि की रक्षा की थी, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। इस पूरे महीने भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं, सावन में पड़ने वाले सोमवारों का विशेष महत्व होता है।

- सावन में भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऐसा माना जाता है कि जो भी इस महीने में शिव जी को प्रसन्न करता है उसे मनचाहा वर या वधू प्राप्त होता है और संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वालों को भी संतान सुख मिलता है।
- सावन में शिव पूजा करने से जीवन की कई परेशानियां दूर होती हैं। यदि आप आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, करियर में बाधाएं आ रही हैं या वैवाहिक जीवन में उलझनें हैं तो शिव जी की पूजा से इन सब में राहत मिल सकती है। कुंडली में राहु-केतु के अशुभ प्रभाव भी दूर होते हैं।
- शिवलिंग पर जल, दूध, शहद और बेलपत्र चढ़ाने से घर और जीवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इससे घर का वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मकता आती है। शिवजी की पूजा करने से आरोग्य और लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है।
- माना जाता है कि सावन में शिवजी को जल अर्पित करने से आयु की बाधाएं दूर होती हैं और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए सावन महीने में कठोर तपस्या की थी।
- इससे शिवजी प्रसन्न हुए और उन्होंने पार्वती जी को वरदान दिया। इसलिए इस महीने में शिव-पार्वती की एक साथ पूजा करने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है और अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलता है।



# कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िए क्यों बोलते हैं बोल बम बम भोल

**सावन का महीना शुरू हो गया है और इस दौरान शिव भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। ऐसे में यात्रा के दौरान कांवरिया बोल बम बम भोले क्यों बोलते हैं, चलिए जानते हैं।**

हर साल सावन मास में शिव भक्त कांवड़ यात्रा करते हैं। इस दौरान शिव भक्त अधिक से अधिक संख्या में गंगा नदी या किसी पवित्र नदी के जल को कांवड़ में भरकर भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। कावड़िया सावन शिवरात्रि के खास अवसर पर शिव जी को गंगा नदी का जल अर्पित करते हैं। कावड़िया पैदल चलते हुए कांवड़ यात्रा को पूरा करते हैं। इस दौरान कांवरिया बोल बम बम भोले मंत्र का जाप करते हुए यात्रा निकालते हैं और शिव जी पर जल चढ़ाने तक इस मंत्र का जाप करते हैं। क्या आपको पता है कि कांवड़ यात्रा के दौरान भक्त बोल बम बम भोले क्यों कहते हैं?

सदियों से सावन मास में कांवड़ यात्रा करने की प्रथा है। इस यात्रा में भगवान शिव का गंगा नदी के जल से अभिषेक किया जाता है और सोमवार का व्रत रखा जाता है। कांवड़िया केसरिया रंग के कपड़े पहन इस यात्रा को शुरू करते हैं। कावड़िया भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए कई किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिव जी को जल अर्पित करते हैं। इस यात्रा के लिए जो भी पवित्र, प्रसिद्ध मंदिर और नदी मिले, वहां से यात्रा प्रारंभ कर शिव जी को जल अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि कांवड़ यात्रा से भगवान शिव अपने भक्तों से बहुत प्रसन्न होते हैं, और उनकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं।

यात्रा के दौरान बोल बम बम भोले का जयकारा लगाने से कांवड़ यात्रा शिवमय हो जाता है और भक्तों में नया उत्साह और जोश उत्पन्न होता है।

कहा जाता है कि शिव जी के इस नाम का लगातार जाप करने से यात्रा में किसी तरह की बाधा नहीं आती है और बिना विघ्न और बाधा के कावड़ यात्रापूरी होती है।

बता दें कि बोल बम एक सिद्ध मंत्र है, जिसे विस्तार से समझा जाए तो बम शब्द का अर्थ है ब्रह्मा, विष्णु, महेश और ओमकार का प्रतीक है। इस मंत्र का लगातार जाप करने से शरीर में नई ऊर्जा आती है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान इन बातों का रखें खास ध्यान

सावन का महीना सभी शिव भक्तों के लिए बहुत खास है। शिव भक्त कांवड़िया बन कर ये गंगाजल को कांवड़ में भरकर शिवलिंग पर अभिषेक करते हैं। सावन मास के शुरुआत के साथ ही गंगाजल भरकर कांवड़िया पैदल चलते हुए उस जल से शिवाभिषेक करते हैं। मान्यता के अनुसार कांवड़ियों का मानना है कि कांवड़ भगवान शिव का स्वरूप है, जिसे कभी भी जमीन में रखकर उसका अपमान नहीं करना चाहते हैं। इसके अलावा कांवड़ में भरा हुआ जल भगवान शिव को चढ़ता है, ऐसे में कांवड़िया जमीन पर रखे हुए जल को भगवान शिव के ऊपर नहीं चढ़ाते हैं। जिस मार्ग में कांवड़िया विश्राम के लिए रुकते हैं, उस स्थान में कावड़िया स्टैंड या पेड़ पर कांवड़ को रखते हैं, ताकि कांवड़ जमीन को स्पर्श न हो। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को कुत्तों से सावधान रहना चाहिए। शास्त्रों में कुत्ते को भगवान काल भैरवका वाहन कहा गया है। काल भैरव भगवान शिव का संहारक रूप है। बता दें कि कुत्ता तामसिक आहार का सेवन करते हैं, इसलिए इन्हें अपवित्र माना जाता है। इसलिए कुत्तों के द्वारा किसी भी पवित्र चीज को स्पर्श करने बचना चाहिए। बता दें कि यदि कांवड़ के जल को कुत्ता छू ले तो वह अशुद्ध हो जाता है। ऐसे में कांवड़ियों को फिर से जल भरकर लाना पड़ता है और अपनी यात्रा पुनः प्रारंभ करना पड़ता है। कांवड़ यात्रा के दौरान चमड़े की चीजों से दूर रहें और भोजन में मांस-मदिरा का सेवन न करें और अन्य तामसिक और राजसिक भोजन के सेवन से बचें।

## संक्षिप्त समाचार

### शीतला मंदिर में 14 जुलाई को आध्यात्मिक सत्संग

**दुर्ग।** ओम फाउंडेशन दुर्ग जिला शाखा द्वारा सावन के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को दुर्लभ आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन सिविललाइन कसारीडीह स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में किया गया है। सत्संग में शिव सत्संग से भाग्योदय के प्रणेता स्वामी ऋषिभानंद द्वारा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। यह सत्संग दोपहर 3 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। सत्संग आयोजन की तैयारी में सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, उपाध्यक्ष शिवसागर सिंहा, ओम फाउंडेशन सदस्य अर्जुन वर्मा, टोमन साहू, पंचूराम निषाद एवं अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

### स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बिलाईगढ़ में गुरु पूर्णिमा को वृक्षारोपण किया गया



**बिलाईगढ़ (समय दर्शन)।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल की गई। विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुजनों के चरण वंदन और पौधों को अर्पित पुष्पांजलि से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्रांगण में फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे गुरु जीवन को ज्ञान से सींचते हैं, वैसे ही वृक्ष जीवन को प्राणवायु देकर संजीवनी प्रदान करते हैं। विद्यालय परिवार का यह संदेश था कि ज्ञान और प्रकृति दोनों की पूजा समान रूप से आवश्यक है। वृक्षारोपण के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सेवा का भाव जागृत किया गया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। स्वामी आत्मानंद स्कूल का यह प्रयास न केवल शिक्षा बल्कि संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर भी महत्वपूर्ण कदम है।

### थाना सिटी कोतवाली की कार्यवाही-चार स्थायी वारंटों से (Wanted) फरार आरोपी गिरफ्तार

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली धमतरी द्वारा लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में भाऊ नेताम पिता छिल्लू नेताम उम्र 24 वर्ष निवासी भटगांव देवारपारा, थाना रुद्री को तामील किया गया है। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली धमतरी में कुल चार स्थायी वारंट लंबित थे, जिसमें वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी गतिविधियों की गोपनीय सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई और उसे नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। धमतरी पुलिस द्वारा फरार एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे और न्यायिक प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न न हो इस कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से आरक्षक सुरेन्द्र दडसेना, भूपेंद्र पदमशाली, डायमंड यादव का विशेष योगदान रहा।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने किया पौधारोपण



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी/भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने आज एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ग्राम पिपराहीभर्री स्थित आंगनबाड़ी परिसर में आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। संयुक्त सचिव ने ग्रामीणजनों से अपील की कि वे भी अपनी मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें।अधिकारियों ने पौधारोपण के बाद पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख का भी संकल्प लिया।

# एनएचएम संविदा कर्मियों का आंदोलन जारी, विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा गया ज्ञापन

-मोदी की गारंटी याद दिलाया



**साजा (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले 16,000 से अधिक संविदा एनएचएम कर्मियों द्वारा 10 जुलाई से प्रदेशव्यापी चरणबद्ध विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत की गई है। आंदोलन का मुख्य कारण है वर्षों से लंबित 10 सूत्रीय माँगों का निराकरण न होना व प्रमुख मांगों में संविदा कर्मियों का नियमितीकरण,

ग्रेड पे निर्धारण,लंबित 27त्नवेतन वृद्धि,स्थानांतरण नीति ,मेडिकल अवकाश,अनुकम्पा नियुक्त,चिकित्सा परिचरिया सहित 10 सूत्रीय माँग को लेकर, अन्य विभागों के समकक्ष समान सुविधाएँ संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, प्रदेश प्रवक्ता व जिलाध्यक्ष पूरन दास बताया कि पिछले दो वर्षों में शासन-प्रशासन से लगातार संवाद और पत्राचार किया गया, लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। अब एन एच एम संविदा कर्मियों का धैर्य जवाब दे चुका है। यह केवल चेतावनी नहीं, बल्कि समाधान की निर्णायक माँग है। जिला प्रवक्ता बृजेश दुबे ने कहा मोदी की गारंटी' जैसे वादों के बावजूद संविदा कर्मियों की उपेक्षा यह दर्शाती है कि व्यवस्था अब संवेदनहीन हो चुकी है। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का रूप ले सकता है।आंदोलन की चरणबद्ध रूपरेखा में10 जुलाई को विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया, 11 जुलाई को भाजपा जिलाध्यक्षों को माँग-पत्र तथा 12 से 16 जुलाई कार्यस्थल पर काली पट्टी बाँधकर विरोध के बाद 16 जुलाई को रैली धरना कर विशेष ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया जायेगा।17 जुलाई को रायपुर चलो एवं विधानसभा घेराव ,विधानसभा साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू,को शनिवार को ज्ञापन सौंपा गया।

विधायक ने आधा घंटा तक गंभीर चर्चा करते हुए सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया और उन्हें शासन तक पहुँचाने हेतु अनुशंसा पत्र जारी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कराने और समस्याओं के त्वरित निराकरण में हर संभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।

ज्ञापन देने वाले संघ के प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित सदस्य ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद साहू, दिनेश गंगबेर,अमर वर्मा,झामन साहू,सनत साहू, तारकेश्वर सिन्हा, मनीष शर्मा,आशीष साहू, मकसूदन, विष्णु पटेल, गौरव साहू, गुलाब यदु, तेजस्वी साहू,सहित बहुत कर्मचारी उपस्थिति थे

## बिजली गुम सायं-सायं, जनता के जेब मे बोझ आयं-बायं - कुशल कश्यप

### प्रदेश मे बिजली की बढ़ती दरों पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरें तय हो गई है. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत वितरण कंपनी (CSPDCL) द्वारा की गई मांग के आधार पर वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 1.89 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की है. इस लिहाज से घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है. वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत दरों में बढ़ोतरी करने के साथ बताया कि राज्य की विद्युत कंपनियों के विगत वर्षों के राजस्व घाटा तथा राजस्व आधिक्य पर विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर .25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया है. बिजली के बढ़े दरों को लेकर हसौद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुशल कश्यप ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि प्रदेश मे बिजली की अघोषित कटौती सायं सायं हो रही है , तो वहीं इस तरह से दर बढ़ाने से महंगाई की पहले से मार झेल रही आम जनता के जेब मे और बोझ बढ़ेगा ये पूरी तरह से भाजपा के कुशासन के कारण हो रहा है ।

## डायोसिस के कथित पदाधिकारीयों की शीघ्र हो गिरफ्तारी

तथ्यों से अवगत कराया पत्रकार वार्ता में



**रायपुर/बिलासपुर (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ़ एजूकेशन पंजीकृत संस्था के अवैधानिक पदाधिकारी जिनके विरुद्ध 19/6/2025 की तारीख में सिविल लाईन थाना रायपुर में धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत नितिन लॉरेंस, जयदीप रॉबिंसन, रूपिका लॉरेंस, एसके नंदा बिशप, बीके नायक बिशप के विरुद्ध अपराध दर्ज है। शिकायतकर्ता अजय जॉन, नीलिमा राबिंस, शशि बाघे, अतुल आर्थर ने रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता की और उन समस्त दस्तावेजों को उपलब्ध कराया जिसके आधार पर गैर जमानती धाराओं में अपराध पंजीबद्ध हुआ। मसीह समाज के इन जागरूक नागरिकों ने बताया कि किस तरह सीडीबीई जो पंजीकृत संस्था है उसे पर अवैध तरीके से कब्जा करके उनके अंतर्गत संचालित 19 स्कूलों में करोड़ों का फर्जीवाड़ा हुआ और यह जारी है। जयदीप, नितिन के विरुद्ध रजिस्टार सचिन ने स्थगन भी दे रखा है। पर ये और उनके साथी लगातार निलंबन, तनख्वाह न देना, पीएफ जमा न करना जैसे गैर कानूनी कृत कर जा रहे हैं। वैधानिकता ना होने के कारण ही बिलासपुर के मिशन अस्पताल के विभिन्न न्यायालीन प्रकरणों में भी इसके आवेदन पत्र खारिज हुए हैं। लगातार एक से अधिक वर्ष का पीएफ जमा न करना अमानत में खयानत का मामला है। जिसकी शिकायत पृथक से हुई है। और यह शिकायत सालेम स्कूल के शिक्षकों ने ही की है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित नीलिमा रॉबिंस ने बताया कि सोशल मीडिया पर अब मर्यादित टिप्पणी करने के कारण नितिन लॉरेंस के खिलाफ भिलाई के थाने में अपराध पंजीबद्ध है। रायपुर ग्रामीण तिल्दा थाने में जयदीप रॉबिंसन, नितिन लॉरेंस, बिशप सुषमा के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध है। एक व्यक्ति जयदीप और नितिन के विरुद्ध अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज है पर गिरफ्तारी नहीं होती यही कारण है कि शिकायतकर्ताओं को धमकी भी मिलती है। और इन धमकियों की शिकायत भी अलग-अलग समय पर पुलिस अधिकारियों को दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि रूपिका लॉरेंस, नितिन, जयदीप तीनों की अग्रिम जमानत याचिका सत्र न्यायालय से खारिज हो चुकी है। बिलासपुर सिविल लाईन थाना में जो अपराध दर्ज है। उसमें भी उच्च न्यायालय से कोई भी राहत नहीं मिली है। इन सब तथ्यों के बावजूद सीडीबीई के लिए कथित पदाधिकारी खुलेआम घूम रहे हैं। स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को भयभीत करते हैं और पूरे मसीह समाज के सेवा समर्पण के इतिहास को दागदार कर रहे हैं।

## नया बस स्टैंड के सामने कृष्णा रेस्टोरेंट में शटर तोड़कर चोरी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगदी व चांदी के सामान सहित 30 हजार का माल पार




**दुर्ग (समय दर्शन)।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीती रात नया बस स्टैंड जीई रोड पर स्थित कृष्णा रेस्टोरेंट को चोरों ने निशाना बना लिया। शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगदी, चांदी की मूर्तियां, सिक्के तथा मिठाई सहित लगभग 30 हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। कृष्णा रेस्टोरेंट के संचालक वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि चोर रात्रि में शटर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और गल्ले में रखे करीब 6-7 सौ रुपए नकद, दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक तराजू, पूजा के लिए रखी चांदी की मूर्ति व तीन-चार चांदी के सिक्के, साथ ही तीन-चार किलो मिठाई चोरी कर ले गए। चोरी का पता सुबह दुकान खोलने पर चला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। गौर करने वाली बात यह है कि यह रेस्टोरेंट जीई रोड पर मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां रातभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। इसके अलावा इसी सौभाग्य कॉम्प्लेक्स में दर्जनों डॉक्टरों की क्लिनिक हैं तथा रेस्टोरेंट के ऊपर ही स्टेट बैंक का कार्यालय संचालित है। बावजूद इसके चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि मुख्य सड़क पर इस तरह से शटर तोड़कर चोरी हो जाना बेहद चिंता की बात है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ ही बैंक के आसपास भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होना हैरान करने वाला है। दुकानदारों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और निगरानी कड़ी करने की मांग की है।

## गडकरी की गड़बड़ कढ़ी अब तो मार रही बदबू



**बिलासपुर (समय दर्शन)।** मोदी सरकार में विकास के सबसे ज्यादा दावा करने वाले मंत्री नितिन गडकरी के ड्रीम प्रोजेक्ट में भारी गड़बड़ियां की सूची में छत्तीसगढ़ भी जुड़ गया है। बिलासपुर से लगे हुए मस्तूरी ब्लाक की ग्राम पंचायत दर्रीघाट के ऊपर से जो भारतमाला निकल रही है उसमें गडकरी की गड़बड़ कढ़ी स्पष्ट दिखाई देती है। लैंडमार्क नेशनल हाईवे 130 ए मस्तूरी 08, बिलासपुर 13, रायपुर 126 के दोनों और एक-एक किलोमीटर दोनों और पैदल चलने पर काम की गुणवत्ता की पोल खोलती तस्वीर बताती है कि देश पर गडकरी का कर्जा कितना भारी पड़ने वाला है। 2014 में 55 लाख करोड़ और अब 155 लाख करोड़ से आगे निकल चुका कर्ज़ वर्तमान के साथ दो पीढ़ी को भुगतना होगा।

# पंडरिया शक्कर कारखाना के 250 श्रमिकों ने नौकरी से निकाले जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

### विधायक भावना बोहरा ने भी नहीं सुनी श्रमिकों की पीड़ा



**कवर्धा (समय दर्शन)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के श्रमिकों ने कारखाना प्रबंधन पर नौकरी से निकाले जाने का विरोध करते हुए 12 जुलाई से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर पर बेठ गए हैं। हड़ताल के पहले दिन शुक्रवार को श्रमिक कल्याण संघ के बैनर तले परसवारा मेन गेट के पास सैकड़ों की अधिक संख्या में ये कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए हैं प्रशासन के विरोध में नारेबाजी कर रहे हैं !

श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा व सचिव अजय बंजारे प्रवक्ता संतराम वर्मा ने बताया कि 250 श्रमिक कर्मचारियों को कारखाना प्रबंधन ने नौकरी से निकाल दिया गया है! श्रमिकों ने बताया कि हर साल 1, 5 जुलाई, 8 जुलाई से लेकर पेराई सीजन बंद होने तक काम करते हैं। लेकिन इस बार 11 जुलाई तक 250 करीब श्रमिकों को काम पर नहीं बुलाया जा रहा हैं। अत: स्पष्ट है कि सीधे तौर पर नौकरी से निकाल दिया गया है। ऐसे में कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दिया गया है।

आज अनिश्चित कालीन क्रमिक भूख हड़ताल में श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अशोक बंजारे, सचिव अजय बंजारे, प्रवक्ता संतराम वर्मा, सचिव मेलन मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश मानिकपुरी, सदस्यों में अश्वनी साहू, बिसेन साहू, जागेश्वर कुर्रे, रामझूल चंद्रवंशी, मुकेश यादव, अमर बंधवे, शिवकुमार निषाद, मो. जुनैद खान, अजय धुर्वे, नंदकुमार चंद्राकर, योगेश साहू, भरत लाल यादव एवं सैकड़ों की संख्या अनेक श्रमिक हड़ताल पर बैठे हैं।

**विधायक भावना बोहरा ने भी नहीं की कोई कार्रवाई-** संघ ने आरोप लगाया कि कारखाना प्रबंधक और कलेक्टर ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा से भी चर्चा की गई है। इसके बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे सैकड़ों श्रमिक आक्रोशित होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं।

श्रमिक कल्याण संघ ने कारखाना प्रबंधन पर भेद भाव कर नौकरी से निकाले जाने का आरोप लगाया है। संघ का कहना है कि ओम इंटरप्राइजेस बाहरी फर्म कंपनी के फर्जी लोगों को रख कर श्रमिकों को नौकरी से बाहर निकाला गया है, जिससे उनके परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट आ गया है।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी दी-** श्रमिक कल्याण संघ ने कारखाना में कार्य कर चुके कर्मचारियों को जल्दी से जल्दी नौकरी पर रखने की मांग कर रहे हैं। संघ का कहना है कि यदि जल्दी ही मांग पूरी नहीं हुई, तो आगे का आंदोलन कारखाना घेराव, चक्का जाम, अर्द्धनग्न नाट्य जैसे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। दो दिनों से परसवारा मेन गेट के पास तंबू लगाकर सैकड़ों श्रमिक कारखाना के सामने आंदोलन में बैठे हुए हैं। उन्होने कहा है कि मांग पूरी होने तक आगे भी हम श्रमिकों की लड़ाई जारी रहेगी।

**चहेते लोगों को नौकरी पर रखने का लगाया आरोपं-** वर्तमान में कारखाना प्रबंधक द्वारा अपने चहेते फर्जी डिग्रीधारी व ठेका श्रमिक और ओम इंटरप्राइजेस के लोगों को नौकरी पर रख रहे हैं और प्रमोशन कर रहे हैं। गरीब मजदूर कारखाना के भरोसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। अपने बच्चे की पढ़ाई लिखाई कराते हैं जिनका भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। पालन- पोषण से लेकर बच्चों की शिक्षा तक प्रभावित हो रहा है।

कारखाना से कोई श्रमिक निकाला नहीं गया है। हड़ताल कर रहे श्रमिक कारखाना के नहीं है। कारखाना में अभी मेंटनेंस का कार्य हो रहा है। आवश्यकता के अनुसार सीमित संख्या में अभी श्रमिक रखे गए हैं। आगे भी आवश्यकता होगी तो ठेकेदार से श्रमिक बुलाया जाएगा। कारखाना का काम बहुत अच्छे से चल रहा है।

**यूके कौशिक**
**एमडी**

# जन्मजात हर्दिंय रोग से पीड़ित पांच बच्चों का चिरायु योजना से हुआ सफल ऑपरेशन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,( समय दर्शन )**/ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना जो आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में पढ़ते बच्चों का नि:शुल्क जांच व चिन्हांकन पश्चात ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराती है। यह योजना एक बार फिर बच्चों के लिए संजीवनी साबित हुई है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफआर निराला के मार्गदर्शन में जिले में चिरायु टीम संचालित है। अब स्कूल शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चला है। अत: पूरे स्कूलों के बच्चों का एक बार स्वास्थ्य जांच व आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का दो बार स्वास्थ्य जांच किया जाना है। इसके बाद उन चिन्हित बच्चों को जरूरत के मुताबिक तत्काल इलाज व दवाई दिया जाता है और गम्भीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को रिफर किया जाता है। रिफर पश्चात उनका ईलाज हुआ या नही, यह सुनिश्चित भी चिरायु टीम करती है। उल्लेखनीय है कि यह योजना बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, गम्भीर व दुर्लभ बीमारियों का ईलाज कराने में हरसम्भव मदद




करती है। चिरायु टीम अपने स्क्रीनिंग के दौरान दिल मे छेद सुराख वाले बच्चों को चिन्हित कर उनके ऑपरेशन अपने राज्य में या अन्य राज्य में भी भेजकर नि:शुल्क करवाने के प्रयास करती है। ऐसे ही जिले के बच्चे, सरिता विश्वकर्मा 10 वर्ष अमलीपाली (ब) सारंगढ़, नेहा निषाद 10 वर्ष छिंद सारंगढ़, गरिमा लहरे 5 वर्ष चुरेला सारंगढ़, दृष्टि बरेठ 4 वर्ष बरदुला सारंगढ़, आँचल सिदार 10 वर्ष भंवरपुर बरमकेला, इशिका बरिहा विक्रमपाली बरमकेला इन सभी बच्चों का सफल ऑपरेशन श्रीबालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर में नि:शुल्क हुआ है। अब ये बच्चे कुशल व पहले से स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। इस प्रकार के सभी बच्चों के जांच, पहचान व चिन्हांकन में चिरायु टीम डॉक्टर्स की प्रमुख भूमिका है जो जमीनी स्तर पर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करती है।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के द्वारा टीम को पूरी तन्मयता के साथ समस्त बच्चों के जांच व ईलाज को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही बच्चों के चिरायु कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला का सीधा संबंध व संवाद रहता है, जिससे यह आसानी से जिले में संचालित हो रहा है।

## खबर-खास

### छुईहा स्कूल में बच्चों की बैंक अफ्लातून की सातवीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )** । सुतिउरकुली संकुल के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में बच्चों की बैंक अफ्लातून की सातवीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अनूठे कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा और राजकीय गीत के सामूहिक गायन से की गई। विद्यालय के 37 बच्चों ने अपनी बचत से 15,000 से अधिक की राशि जमा की। इस पहल के तहत बच्चों को बचत और वित्तीय जिम्मेदारी का महत्व सिखाया जाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में आरिचि टण्डन ने पहला स्थान प्राप्त किया, चांदनी सोनवानी द्वितीय और नंदनी महिलांगे तृतीय स्थान पर रहीं। तीनों विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं कापी, पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री जायसवाल सर (वरिष्ठ व्याख्याता, सुतिउरकुली), रमेश कुमार पैकरा (संकुल केंद्र प्रभारी), राजकुमार जांगड़े, अरुण कुमार टण्डन (प्रधान पाठक), त्रिलोक कुमार हरिप्रिय अफ्लातून प्रभारी, महेंद्र कुमार मरावी, राकेश कुमार जाटवर, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों की बैंक अफ्लातून जैसी पहल ग्रामीण अंचलों में आर्थिक साक्षरता,एवं बच्चों में बचत करने की भावना को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

### धरे गए 50 हजार 2 सौ रूपये के साथ 6 जुआडी



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले के पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध जुआ,सट्टा,गांजा, शराब पर रोक लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिया किया गया था।जिसमे 11 जुलाई को जरिये मुखबीर से थाना प्रभारी फिंगेश्वर को सूचना मिला कि कुछ लोग ग्राम परसदाकला मिशन तालाब के पास रूपये पैसे का हार-जीत का दांव लगा कर 52 पत्ती ताश में जुआ खेल रहे है।मुखबीर द्वारा बताये गये सूचना पर थाने से पुलिस स्टाफके घटना स्थल पहुच कर घेराबंदी कर जुआ खेलते कुछ लोगों को रंगे हांथो पकड़ा गया।वही नाम पता पुछने पर उन्हो ने अपना नाम अरूण कुमार साहू पिता तुलाराम साहू उम्र 30 वर्ष,हेमशंकर साहू पिता पुरानिक साहू उम्र 40 वर्ष,नेमीचंद देवांगन पिता रामजी देवांगन उम्र 50 वर्ष पुनित राम निषाद पिता जेठन निषाद उम्र 52वर्ष,जागेश्वर डहरिया पिता नोहर दास डहरिया उम्र 23 वर्ष और दोहाचंद सोनवानी पिता पुनारद सोनवानी उम्र 34 वर्ष निवासी परसदाकला थाना फिंगेश्वर का रहने वाला बताये।घटना स्थल पर जुआडियों के कब्जे 52 पत्ती ताश के साथ कुल 50,200 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।उक्त जुआडियों का कृत्य अपराध धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित करना पाये जाने से जुआडियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जुआडियों को समक्ष गवाहन के विधिवित गिरफ्तार किया गया। साथ ही गरियाबंद पुलिस ने अपील किए कि जुआ,शराब एक समाजिक बुराई है। समाज में रह कर इस प्रकार के बुराईयों से स्वयं दूर रहे एवं दूसरों को इस बुराई से दूर रहने की सलाह जरूर दें।गांव में इस प्रकार के गतिविधियों में संलिप्त लोगों की सूचना स्थानी पुलिस को सूचना देने पर,सूचना देने वाले की जानकारी पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।इस कार्यवाही में थाना फिंगेश्वर पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

### गांजा के साथ दो विक्रेता गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले की थाना खुर्सीपार पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बेच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पा से 01 किलो 175 ग्राम गांजा तथा एक एक्टीवा वाहन बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना खुर्सीपार को जरिए मुखबीर अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की सूचना मिलने पर थाना खुर्सीपार पुलिस व्दारा सूचना तस्दीक एवं रेड कार्यवाही किए जाने पर घटनास्थल आईटीआई मैदान खुर्सीपार में आरोपिया अकुला मीना उर्फए सुनीता उर्फ गररी एवं सी एच जयदेव ऊर्फजयदेव के संयुक्त कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा वजनी 01 किलो 175 ग्राम कीमती 12,960 रुपए एवं बिक्री रकम 500 रूपये तथा एक एक्टीवा वाहन को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीयो का कृत्य धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर अभियुक्तों को दिनांक 11/07/2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# केवल पौधा लगाना ही नहीं उनका पेड़ बनने तक संरक्षण भी आवश्यक- कलेक्टर

### मैनपुर के ग्राम जिडार में आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** विकासखंड मैनपुर के ग्राम पंचायत जिड़ार में आज विकासखण्ड स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कलेक्टर बी एस उईके,जिला पंचायत सीईओ जी आर मरकाम,एसडीएम तुलसीदास मरकाम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम,जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, सरपंच जिड़ार मुकेश कपिल,जनपद सदस्य प्रताप सिंह,कुमारीबाई पटेल,वरिष्ठ नागरिक संतोष यादव,नंदनी नेताम एवं अतिथियो ने पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान विशाल पौधारोपण कार्यक्रम में सभी क्षेत्रवासी,ग्रामीण युवा,मितानिन बहने एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।सभी ने पौधारोपण किया साथ ही पौधो की सुरक्षा करने की भी जिम्मेदारी लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री उईके ने कहा शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी क्षेत्रवासियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम त्यौहार जैसे माहौल में आयोजित किया गया।उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हमारा काम सिर्फ पौधारोपण तक नहीं रहना चाहिए।बल्कि इन पौधों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने फलदार वृक्षों के रोपण पर उनके महत्व के संबंध में भी लोगो को बताया। कलेक्टर श्री उईके ने कहा आज पौधा रोपण के इस अभियान में सभी क्षेत्र वासियो का और विभागो का सहभागिता सराहनीय है। पौधारोपण मात्र एक प्रतीक नही यह भविष्य के पीढ़ियो के लिए शुद्ध वायु, हरियाली और जीवन रक्षा की दिशा में हमारा उत्तरदायित्व है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी आर मरकाम ने कहा कि यहां जो पौधारोपण किया गया है यह लगभग 30 एकड़ जमीन है। इसे सभी स्वसहायता समूह के सदस्य एक - एक एकड़ जमीन में पौधो की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली है,जो अपने आप में एक मिसाल हैं।पौधारोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया साथ ही अपने घर के आसपास एवं खुले जगह में वृक्षारोपण कर प्रकृति के संरक्षण में योगदान देने की अपील किया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि हमारे क्षेत्र में लोग जल जंगल जमीन के प्रति शुरू से सजग है जिसके चलते आज हमारे क्षेत्र में हरा भरा देखने को मिल रहा है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा गरियाबंद जिले में सबसे ज्यादा जंगल मैनपुर क्षेत्र में है और हम सबको पौधारोपण के साथ ही जंगल की सुरक्षा के लिए भी संकल्प लेने की जरूरत है। जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम ने कहा जंगल है तो जीवन है आज जिस तेजी से वृक्ष कट रहे हैं उसके दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहा है समय बेसमय कही ज्यादा कही कम बारिश पर्यावरण संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इसलिए हम सबको जल जंगल जमीन के साथ वृक्षो के रोपण और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की जरूरत है।कार्यक्रम में तहसीलदार रमेश कुमार मेहता,जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, एडिशनल सीईओ नागवंशी,पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा,वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा केजुराम कोर्चे,यशवंत बघेल, सरपंच जाड़ापदर उपासीन बाई,सरपंच कुल्हाड़ी घाट बनसिंह सोरी,सरपंच मैनपुरकला गज्जु नेगी,लिबास पटेल,उपसरपंच अमरूराम नेताम,रोहन मरकाम,शंभु जगत,कुमारी बाई,दुलारी सिन्हा,सचिव योगेन्द्र यादव,विजय रात्रे,रेवती मनहरे, ओमबाई नागेश,रीति नागेश,तारामती नेगी, सरोज मरकाम,जलेश्वरी नेताम,मोनिका मरकाम,डिप्टी रेंजर नरेश नाग,सहायक परिक्षेत्र अधिकारी धनेश सिन्हा,दानेश्वर चंद्राकर,रोहिणी ध्रुव,अघन सोरी, साहेबलाल बंजारे,गौरीशंकर प्रधान, कृषि अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी,पीएचई अधिकारी गोपाल ध्रुव एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यशवंत बघेल ने किया।

# सीएमएचओ ने किया मलेरिया मुक्त अभियान सर्वे का निरीक्षण



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बी एस उईके के निर्देशानुसार और नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एस नवरत्न के मार्गदर्शन में 10 जुलाई से मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत गरियाबंद और मैनपुर विकासखंड के मलेरिया प्रभावित और संभावित 105 ग्रामों में घर घर भ्रमण कर सर्वे करते हुए मलेरिया बीमारी की जांच और उपचार कार्य शुरू हो चुका है।साथ ही विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा सर्वे कार्य का निरीक्षण भी किया जा रहा है।इसी तारतम्य में 11 जुलाई को जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एस नवरत्न के साथ स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के दल द्वारा मैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,देहारगुड़ा,जीडार सहित दूरस्थ पहाड़ी और दुर्गम स्थल कुल्हाड़ीघाट पहुंचकर मलेरिया सर्वे कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त ग्रामों में संबंधित क्राह्न,ष्ट।ह और मितानिनों के द्वारा घर घर जाकर सभी लोगों का मलेरिया जांच आरडी किट के माध्यम से किया जा रहा था। ग्रामों में मलेरिया पॉजिटिव मरीजों को जिला सीएमएचओ डॉ नवरत्न द्वारा मच्छरदानी भी वितरीत किया गया। साथ ही सभी को सही तरीके से मच्छरदानी लगाकर सोने , मलेरियारोधी दवाइयों की पूरी खुराक लेने तथा पानी उबालकर पीने पीने,गरम ताजा भोजन खाने और घरों के आस पास अन्दर बाहर साफ सफाई रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही।साथ ही बीएमओ और क्षेत्रीय पर्यवेक्षक को अभियान की सतत मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डॉ नवरत्न ने आज 12 जुलाई को गरियाबंद ब्लॉक के ग्राम कोदोबतर,भीरालाट एवं कोसमी में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का आकस्मिक निरीक्षण किया और ग्रामीणों को मलेरिया होने के कारण और बीमारी से बचने के उपाय भी बताए।निरीक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गनपत कुमार नायक,जिला नोडल अधिकारी (मलेरिया) डॉ सुनिल रेड्डी,बीएमओ डॉ बी.बारा, बीईटओ मुन्नालाल कश्यप,विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक शेखर ध्रुवे शामिल रहे।

# लगातार शहर क्षेत्र के हर एक वार्ड में नाले-नालियों की युद्धस्तर पर हो रही सफाई: बारिश का पानी से जल जमाव की स्थिति से बचने लगातार तैयारीयो में जुटा निगम

### बारिश का मौसम,शहर क्षेत्र के सभी नालियों की नियमित रूप से निगरानी की जाए और सफाई कार्य में कोई लापरवाही न हो : आयुक्त



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** नगर निगम आज आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ आपापुरा,गंजपारा क्षेत्र वार्ड में सफाई कार्य का निरीक्षण किया।उन्होंने सफाई कर्मी को निर्देश दिए की नालियों की तल्ले से सफाई कराई गई।

वार्डो का निरीक्षण कर रहे निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साथ चल रहे अधिकारियों को वार्ड की छोटी व टूटी नालियों की मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।कच्ची सड़को में डस्ट डलवाने की बात कही।

नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें और नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर वार्ड में नियमित निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

नगर आयुक्त ने नाली साफ कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी नालियों की नियमित रूप से निगरानी की जाए और सफाई कार्य में कोई लापरवाही न हो।इस दौरान कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद,कुणाल, राहुल सहित अमला मौजूद रहें।आयुक्त श्री अग्रवाल ने आपापुरा गंजपारा सहित अन्य क्षेत्र के नालियों ई तल्ले से सफाई कराई गई।

उन्होंने इस दौरान वार्डवासियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई के दौरान दिक्कतें और बारिश का पानी निकासी हेतु व्यवस्था बनाने की बात कही।

मुख्य मार्गो से यातायात में बाधित सड़क किनारे पड़े कंडम ( कबाड़ ) गाड़ियों पर कार्रवाही कर जब्त करने अधिकारी को निर्देशित किया।उन्होंने कहा लगातार शहर हर एक वार्डो में नाले-नालियों की युद्धस्तर पर हो रही सफाई,बारिश से पहले जल जमाव की स्थिति से बचने की तैयारी की जा रही है।

# बायर ने धान की फसल को शीथ ब्लाइट से बचाने के लिए लॉन्च किया फेलुजीत

**रायपुर।** कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में लाइफसाइंस की अग्रणी वैश्विक कंपनी बायर ने फंगीसाइड (फफूंदनाशक) 'फेलुजीत' लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे धान के खेत में फसल के सभी हिस्सों को शीथ ब्लाइट से बचाने के लिए तैयार किया गया है। इस उत्पाद को जुलाई से देश के सभी प्रमुख धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा।

भारत, बांग्लोदश एवं श्रीलंका में बायर के क्रॉप साइंस डिवीजन के क्लस्टर कॉमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा, 'फेलुजीत एक प्रभावी समाधान है, जिससे शीथ ब्लाइट को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। इससे किसानों के लिए पूरी प्रक्रिया सुगम हो जाएगी। चावल वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है, ऐसे में हमारी यह नवाचार किसानों को कम स्प्रे में अधिक प्रभावी रोग नियंत्रण की सुविधा देता है, जिससे वे अपने संसाधनों का बेहतर प्रबंधन कर पाते हैं और बढ़ती कृषि चुनौतियों के बीच अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। ।'

कृषि क्षेत्र कीटों और रोगों से जुड़ी लगातार बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में बेयर का 'फेलुजीत' धान की मिट्टी जनित शीथ ब्लाइट बीमारी के प्रबंधन के तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। 'फेलुजीत' पेनफ्लूफेन और टेबुकोनाज़ोल की विशेष संयोजन तकनीक से युक्त है। डुअल एक्शन फॉर्मूलेशन की अपनी खूबी की मदद से यह फंगीसाइड पौधे के प्रत्येक हिस्से में शीथ ब्लाइट को बढ़ने से रोकता है। इससे किसानों को एक भरोसेमंद समाधान मिलेगा और फसल की उत्पादकता एवं गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।

फेलुजीत के एक बार के छिड़काव से ही बेहतर नतीजे मिलेंगे। यह बाजार में उपलब्ध मौजूदा समाधानों की तुलना में दोगुना प्रभावी है। यानी किसान बार-बार छिड़काव के बिना ही इस बीमारी को प्रभावी तरीके से रोक सकेंगे। इससे समय और श्रम की लागत, दोनों में बचत होगी।

'फेलुजीत' की असल खूबी इसके डुअल एक्शन फॉर्मूलेशन में छिपी है। इसमें राइजोक्टोनिया को नियंत्रित करने के लिए दो एक्टिव इनग्रेडिएंट्स का प्रयोग किया गया है। राइजोक्टोनिया ही शीथ ब्लाइट का प्रमुख कारण है। इस इनोवेटिव तरीके से न केवल प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होता है, बल्कि इससे छिड़काव की संख्या कम करते हुए सस्टेनेबल फार्मिंग प्रैक्टिस को भी बढ़ावा मिलता है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के लिए अमरकंटक में नि:शुल्क भोजन एवं विश्राम की सुविधा

### कांवड़ियों की सेवा परम सौभाग्य भावना बोहरा

### पहले ही दिन पहुंचे 500 भक्त



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** सावन का पवित्र महिना 11 जुलाई से शुरू हो गया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जल लेकर अमरकंटक में जलेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए जाएंगे। लगातार चौथे वर्ष भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा मेला मैदान, नया नगर पालिका के पास, अमरकंटक, जिला अनुपपुर (म.प्र.) में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक सर्वसुविधायुक्त नि:शुल्क विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई है, जहां सावन माह के पहले दिन लगभग 500 श्रद्धालु पहुंचे।

सभी श्रद्धालुओं का पूरे उत्साह के साथ संस्थान द्वारा स्वागत एवं सेवा की गई और श्रद्धालुओं में भी उत्साह दिखाई दिया एवं सभी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों की प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि कबीरधाम जिले से हजारों कांवड़ यात्री भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था एवं विश्वास के साथ कांवड़ में जल लेकर उनका जलाभिषेक करने हेतु कठिन यात्रा करके अमरकंटक के लिए प्रस्थान करते हैं। उनकी यात्रा सुखद और मंगलमय बनाने के लिए हमने नवनिर्मित पालिका परिषद, अमरकंटक, अनुपपुर (म.प्र.) में सभी मूलभूत सुविधाओं तथा आपके विश्राम, भोजन, पेयजल, स्नान जैसे सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की है साथ ही भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्य उनकी सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का अवसर स्वयं भगवान शिवजी की सेवा करने का सौभाग्य है और भगवान भोलेनाथ की कृपा एवं आशीर्वाद और क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही लगातार चौथे वर्ष भी हमें शिवभक्तों की सेवा करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस सेवा से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु आप हेल्पलाइन नंबर 9755359004 एवं 9754462000 पर संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि विगत वर्ष लगभग 11000 शिवभक्तों एवं कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का हमें अवसर मिला था इस वर्ष भी उसी लक्ष्य के साथ हमने सभी मूलभूत सुविधाओं से लेकर सात्विक भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की है और हमें विश्वास है कि कबीरधाम जिले के सभी शिवभक्त पधारकर हमारे इस प्रयास में अपना सहयोग और सेवा का अवसर जरुर प्रदान करेंगे। हमारी धार्मिक परंपरा व संस्कृति को जिवंत रखने और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इससे अवगत कराने के लिए इतनी कठिन यात्रा करके पधारे कांवड़ियों की सुविधा, सात्विक भोजन एवं विश्राम हेतु हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। यहां प्रतिदिन शाम को भोलेनाथ जी की भव्य महारती भी की जाती है जिसमें सैकड़ों की संख्याम में भक्त शामिल होते हैं । मैं कबीरधाम जिले से पधारने वाले समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ और आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा।

# संक्षिप्त-खबर

## सतनामी समाज के आस्था का प्रतीक बाबा गुरु घासीदास की चित्र पर कालिक पोती




**बलराम यादव/ पाटन।** पाटन ब्लॉक के ग्राम चुनकट्टा में सतनामी समाज में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। बाजार चौक में स्थित बोर्ड पर बाबा गुरुघासी दास जी की तैल चित्र बनाकर स्थापित किया। जो कि समाज का आस्था का प्रतीक है। बीती रात्रि किसी अज्ञात तत्व द्वारा इस चित्र पर ग्रीस का कालिक पोत दिया। बाबा जी के चेहरे और आसान में पूरा काला धब्बा कर दिया था। सुबह जब लोगो ने इसको देखा तो समाज के लोगो को जानकारी दी। सतनामी समाज के लोग भी बड़ी संख्या में एकत्र हुए। इस घटना के बाद सभी ने आक्रोश जताया। इसके बाद सभी ने बाबा जी के चित्र को साफकिया। इसके बाद उतई थाना पहुंचे। उतई थाना में अज्ञात तत्व जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है उसका पता साजी कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। उतई पुलिस ने मामला की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दे कि पिछले दिनों हो एक शिक्षक जो कि सतनामी समाज से है उसके खिलाफ भी आपत्तिजनक शब्द गाली देते हुए सोशल मीडिया में वायरल किया था। पाटन थाना में सतनामी समाज के लोग पहुंचे थे। पाटन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिए है।

## पैरोल में छुटने के बाद वापस उपस्थिति देने के बजाय कर दिया एक और अपराध



**बलराम यादव/ पाटन।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम दैमार में रहने वाले आरोपित संजू वैष्णव पैरोल में छुटा था। पैरोल का समय समाप्त होने के बाद वे वापस जेल नहीं पहुंचा। वही उसने और घटना को अंजाम दे दिया । पाटन पुलिस ने आवेदक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संजू वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया हैं । प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम दैमार में रहने वाले संजू वैष्णव एक अपराध के मामले में दुर्ग जेल में निरुद्ध था। इसके बाद वे पैरोल पर कुछ दिन के लिए जेल से बाहर आ गए। इस दौरान वे ग्राम रवेली में रहने वाले नंदन यादव के घर पहुंचा और उसके बेटे जो पहले से जेल में है उसका जमानत हो गया करके दुर्ग जाने की बात कही। दुर्ग जाने पर नंदन यादव को चकमा देकर गाड़ी और पैसा लेकर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पाटन पुलिस ने पत्साजी शुरू किया। जानकारी मिलने पर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया ।

## गुजरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन, स्कूली छात्र छात्राओं को दी जानकारी




**पाटन।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला गुजरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के0 विनोद कुजूर एवं सचिव उमेश कुमार भागवतकर के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। इस शिविर में थाना पाटन के स्टाफ स्कूल के अध्यापक अधिकार मित्र भी मौजूद रहे 7 विधिक जागरूकता शिविर में बताया गया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की न्यायिक प्रक्रिया से भिन्न एक वैकल्पिक प्रक्रिया है, जिसमें एक तीसरा स्वतंत्र व्यक्ति मध्यस्थ दो पक्षों के बीच अपने सहयोग से उनके सामान्य हितों के लिए एक समझौते पर सहमत होने के लिए उन्हें तैयार करता है। इस प्रक्रिया में लचीलापन है और कानूनी प्रक्रियागत जटिलताएं नहीं है। इस प्रक्रिया में आपसी मतभेद समाप्त हो जाते हैं अथवा कम हो जाते हैं। मध्यस्थता से होने वाले निम्नलिखित लाभों के बारे में बताया गया । घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के संबंध में जानकारी दी गई द्य पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के संबंध में जानकारी दी गई । नालसा (नशा पीड़ितों का विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन) लोगो को नशा मुक्त जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित किया गया । कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी दिया गया द्य इस अवसर पर अधिकार मित्र यशवंत साहू, परमेश्वर लोधी सहित स्कूल के स्टाफभी मौजूद रहे।

# विहिप बसना ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

- बरसाती सीजन मे मौसमी बीमारियों से बचाव व सुरक्षा के मद्देनजर




**बसना ( समय दर्शन )।** विश्व हिंदू परिषद बसना प्रखंड ने कुरचुंडी गांव में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।


इस स्वास्थ्य शिविर में बसना प्रखंड में निवासरत विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं में बसंत देवता, विद्या पटेल ,अनिल साव , दीपक ,पुरुषोत्तम आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहकर सेवाएँ प्रदान की ।

स्वास्थ्य विभाग से डॉ.केसव चंद्र साहू चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरोली ,जय किसन कौशिक ग्रामीण चिकित्सा सहायक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरोली , हिरेन्द्र कुमार कर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिमरकेल , कुमारी नीलम अजगले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मेदनीपुर, चंद्रकुमार कुम्हार मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरोली , हेमराज चौहान स्वीपर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरोली के साथ साथ ग्राम कूरचुन्डी के स्वास्थ्य विभाग के सभी मितानिनो की उपस्थिति में विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यहाँ गाँव के अनेक लोगो का बीपी शुगर खून जाँच के साथ साथ नि:शुल्क दवाई का वितरण किया गया । स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में डॉ. नारायण साहू एवं डॉ. सुनील वैष्णव का भी विशेष सहयोग रहा।

कुरचुंडी में स्वास्थ्य शिविर आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला बेहरा,नीलिमा बिशी,मितानिन हेमाद्रि साव,सौदामिनी साव श्रीमती सेतो दास, कुमुदिनी साव,सनमोती बाघ (केहरपुर) जन सहयोगी सरपंच तोषकुमार रात्रे

दुष्यंत साव, दिव्यानंद ,नरेश साव, हलधर साव, दिलीप, कमल केवर्त, मुक्तियार दास, सहित समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

# शास प्राथ शाला मोहगांव में मतदान प्रक्रिया से बाल कैबिनेट का गठन






- स्कूल स्तर के मतदान मे भाग लेकर बच्चे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को जान सकेंगे-भोजराज प्रधान

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा विकास खण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में शनिवार 14 जुलाई को बाल कैबिनेट गठन हेतु प्रधानमंत्री पद का चुनाव मतदान के द्वारा सम्पन्न हुआ। सुबह से ही चुनाव को लेकर बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह था। इस चुनाव में कु. दीक्षा साहू, कु. दिव्यांशी पटेल, लक्ष्य बारीक, कु. रीतिका मिश्रा सहित चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। कक्षा पहली से पाँचवीं तक कुल 157 मतदाता थे। जिसमें से 142 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कु. दीक्षा साहू 85, लक्ष्य बारीक 25, कु. दिव्यांशी पटेल 252, कु. रीतिका मिश्रा को 8 मत मिले तथा 2 मत अवैध पाए गए। कु. दीक्षा साहू 60 मतों से चुनाव जीतने में सफल रही । नवमी के कु. खुशी साव, कु. रेशमी दीप, कु. सस्मिता निषाद, कु. तनुजा सिदार, कु. सीमा बरिहा ने मतदान अधिकारी के रूप में कार्य किया। लोकनाथ एवं विकास ने सुरक्षा गार्ड की भूमिका निभाई। इस अवसर पर शेष पदों के लिए बच्चों की सहमति से मनोनयन किया गया जो निम्नानुसार है।

लक्ष्य बारीक शिक्षा मंत्री, कु. दिव्यांशी पटेल स्वास्थ्य मंत्री, कु. रीतिका मिश्रा अनुशासन मन्त्री, कक्षा पाँचवीं देवेश साहू कप्तान, कु. प्राची पटेल उप कप्तान, कक्षा चौथी कु. मेघनन्दनी साहू कप्तान, तुषार डड़सेना उप कप्तान, तीसरी कु. मोनी पटेल कप्तान, शौर्य बारीक उप कप्तान, दूसरी ,आयुष प्रधान कप्तान, आकृति प्रधान उप कप्तान, पहली कु. प्रिंसी विशाल कप्तान, बुद्धेश्वर साहू उप कप्तान चुने गए साथ ही युवराज पटेल को नवोदय क्लास और ऑनलाइन क्लास के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शाला के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के मार्गदर्शन में एवं गौरीशंकर पण्डा, विजय कुमार नाग, श्रीमती नीलिमा साहू, श्रीमती कविता बढ़ाई के सहयोग से मतदान एवं बाल कैबिनेट का गठन सम्पन्न हुआ।

# कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बंसूला में बाल कैबिनेट का गठन



**बसना ( समय दर्शन )।** शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसूला में बाल कैबिनेट का गठन विद्यालय की अधिक्षिका श्रीमती गीतांजलि नाग के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ ।

जहाँ शिक्षा सत्र-2025-26 के लिए शाला नायिका की जिम्मेदारी सजनी निषाद और उप शाला नायिका लीलेंद्री को मिला। इसके अलावा कक्षा नायिका कक्षा आठवीं से लवली ठाकुर, कक्षा सातवीं से नव्या निषाद तथा कक्षा छठवीं से कोमल चौहान को चुना गया।

शिक्षा मंत्री ,पर्यावरण मंत्री, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री ,सांस्कृतिक साहित्यिक मंत्री ,पुस्तकालय मंत्री, खाद्य मंत्री ,खेल मंत्री, तथा जल प्रबंधन मंत्री इन सभी पद के लिए कक्षा आठवीं सातवीं तथा छठवीं से मनोनीत किया गया ।

निर्वाचित बाल केबिनेट को विद्यालयीन गतिविधियों के संचालन हेतु उनके कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई । इस मौके पर अधीक्षिका गीतांजलि नाग ने नव निर्वाचित बाल केबिनेट के छात्रों से अपील किया कि, आप सबका ध्येय विद्यालय के गतिविधियों में खरा उतरकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए,बड़ी सोंच और पक्का इरादा को लेकर कड़ी मेहनत करें, जिससे आप कामयाब इंसान बन सकें ।

आप सभी अपने पढाई पर फोकस करें, परीक्षा में अधिक से अधिक अंक लाकर आगे रहना आप सबका उद्देश्य होना चाहिए ।

विद्यालय के वातावरण को अच्छा बनाने मे आप सबका योगदान जरूरी है। अच्छे माहौल मे पढ़ लिखकर आप सभी आगे बढें,,ताकि अपने मंजिल को पा सकें । श्रीमती नाग एवं स्टाफ ने सभी नव निर्वाचित छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

आस दौरान शिक्षिका सविता कुमार सिंह,संतोषी साव, किरण मालिक ,रमा साहू तथा सुमिता सोनी एवं विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# किशोरी शिक्षा अभियान अंतर्गत अरेकेल विद्यालय में छात्राओं को विविध जानकारी दिया गया

- छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना जरूरी-गीतांजली



**बसना ( समय दर्शन )।** किशोरी शिक्षा अभियान कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के छात्राओं को किशोरियों के शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विविध शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गीतांजली तिवारी ने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन,लंबाई में वृद्धि,मासिक चक्र,शारीरिक आकृति में परिवर्तन,स्वर में परिवर्तन,स्वैद एवं तैल ग्रंथियों की क्रियाशीलता में वृद्धि,जनन अंगों का विकास,किशोरियों में फुंसियां,मुँहासे होने के कारण,हार्मोन्स के द्वारा किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।मासिक धर्म पीरियड्स के बारे में बताते हुए कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के शरीर में होने वाली एक प्राकृतिक प्रक्रिया है।मासिक धर्म के दौरान होने वाले रक्त स्राव, हार्मोनल परिवर्तन एवं इस दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में छात्राओं को जानकारी प्रदान किया गया। नारी सशक्तिकरण के बारे में बताते हुए आगे उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।महान क्रांतिकारी रानी लक्ष्मीबाई,समाजसेवी मदर टेरेसा, बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल,पीवी सिंधु,क्रिकेट खिलाड़ी स्मृति मंधाता, पुलिस अधिकारी किरण बेदी, लेखिका अरूंधति रॉय,बॉक्सर मैरीकॉम, पर्यावरण प्रेमी मेधा पाटकर,महान शासिका, समाजसेवी अहिल्याबाई होल्कर, राजनीतिज्ञ सोनिया गांधी, मिसाइल वुमेन डॉ.टेसी थॉमस, भारत के प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, खगोल वैज्ञानिक सुनीता विलियम्स,कल्पना चावला, महान शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, भारत के प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। शिक्षक प्रेमचन्द साव एवं हीराधर साव द्वारा मिडिल स्कूल अरेकेल में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों,प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किशोरियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और ज्ञान बढ़ाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।इस अवसर पर गीतांजली तिवारी, शिक्षक रेखा पाण्डेय,आसमा परविन,सरिता सिदार आदि उपस्थित रहे।

## अनजान लिंक पर किया क्लिक, इधर किसान खाते से निकल गया दो लाख रुपए, अरसनारा के किसान साइबर ठगी के शिकार

**बलराम यादव/ पाटन ।** थाना पाटन अंतर्गत एक किसान साइबर ठगी का शिकार हो गया। उसके मोबाइल पर बदमाशों ने एक लिंक भेजा। अनजान नंबर से आए लिंक को किसान ने खोल दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके मोबाइल से जुड़े बैंक में रखी 2 लाख रुपए की रकम पार कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम अरसनारा निवासी जय प्रकाश साहू खेती किसानी का काम करता है। एक दिन पहले जय प्रकाश के मोबाइल पर किसी अनजान नम्बर से लिंक आया। जिज्ञासावश किसान ने उस लिंक को टच करके खोल दिया। इसके कुछ देर बार उनके कृषक खाते केंद्रीय सहकारी बैंक के खाते से लगभग दो लाख अपने आप ट्रांसफर हो गई। जानकारी होने पर थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंची। साथ ही साइबर सेल पर मामले से अवगत कराया। इस पर साइबर टोल फ्री नंबर पर कॉल करके बाकी ट्रांजेक्शन को होल्ड पर लगवा दिया। मामल में पुलिस जांच कर रही है।

## रानीतराई महाविद्यालय में व्यास पूजा कार्यक्रम आयोजित




**पाटन ( समय दर्शन )।** रानीतराई महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अरुण मिश्रा जी के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत, व्यास जी पर केंद्रित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती आराधना देवांगन ने व्यास जी के जीवनी एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि व्यास जी ने महाभारत की रचना कर, कैसे जनमानस में महान विचारों को प्रसारित किया है साथ ही विद्यार्थियों को बताया गया कि प्राचीन काल से ही भारतवर्ष में गुरुकुल की प्रथा रही एवं हमारे देश में गुरुओं को सबसे उच्च स्थान दिया जाता रहा है। कार्यक्रम में डॉ. रेशमी वासनीकर, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) ने बताया कि वर्तमान में गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण है। वर्तमान में गुरुजनो के दायित्व विद्यार्थियों की ओर अधिक बढ़ चुके हैं। आज नई-नई तकनीक का प्रभाव विद्यार्थियों पर नहीं अपितु गुरुओं पर भी पड़ा है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से श्रीमती शगुफ्ता सिद्दीकी, सुश्री भारती गायकवाड एवं सुश्री सीमा वर्मा शामिल रहे। बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर से डोमेश्वरी, सरस्वती, वैष्णवी तथा बी.एससी से रंजना,मनीषा, हितेश्वरी आदि ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी।

# ब्रिलिंयट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में "सड़क सुरक्षा मितान" सेमिनार का आयोजन




**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में संस्था संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक -12/07/2025 को सड़क सुरक्षा मितान सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में अतिथि के रूप में श्री दिनेश यादव (ज्प् ट्रैफ्कि पुलिस), श्री नीलकमल टंडन (आरक्षक), श्री सरजू कुमार (आरक्षक) उपस्थित रहें। सेमिनार की शुरूआत संस्था की छात्रा सौम्या तिवारी द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। तत्पश्चात् श्री दिनेश यादव द्वारा सेमिनार को संम्बोधित करते हुए बताया गया कि सड़क सुरक्षा मितान योजना, जांजगीर-चांपा जिले में शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की तत्काल सहायता करना है। इस योजना के तहत, जिले के प्रत्येक पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले गांवों में 15-15 राहगीर मित्र नियुक्त किए जाएंगे, जो सड़क दुर्घटना होने पर घायलों की मदद करेंगे। योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तुरंत सहायता प्रदान करना, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना, सड़क उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रूप से सड़क का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और चोटों की संख्या को कम करना है। सड़क सुरक्षा मितान योजना के तहत, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले व्यक्तियों को 25,000 रुपये तक का इनाम दिया जाता है, यह योजना, जिसे राहवीर योजना भी कहा जाता है, का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तुरंत सहायता प्रदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना है। आगे उन्होंने बताया कि नाबालिग (18 वर्ष से कम) द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर, माता-पिता या अभिभावकों को जुर्माना और सजा हो सकती है। नाबालिग को बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर 25,000 रुपये का जुर्माना और 3 साल की जेल हो सकती है, साथ ही उसका ड्राइविंग लाइसेंस 25 साल की उम्र तक नहीं बनेगा। अभिभावकों को भी 25,000 रुपये का जुर्माना और 3 साल की जेल हो सकती है। इसके अतिरिक्त, वाहन का रजिस्ट्रेशन एक साल के लिए रद्द किया जा सकता है। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा नियम के अंतर्गत सवाल पूछे गए, जिसका जवाब श्री दिनेश यादव जी द्वारा दिया गया। संस्था की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह द्वारा सेमिनार मे आए हुए विद्यार्थियों एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए सेमिनार के सफल संचालन के लिए बधाई दी गई। धन्यवाद ज्ञापन संस्था की शिक्षिका नीलम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आए हुए अतिथियों का सम्मान भेंट चिन्ह देकर किया गया। संपूर्ण सेमिनार के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एडमिन स्टॉफ ग्रुप डी स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2025-27